खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 10 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## रोटी, परांठा, दूध, हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

### जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5 % व 18 % होंगे, 22 सितम्बर से लागू होंगे बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितम्बर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 सीसी से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। हालांकि तंबाकू वाले सामान पर नई 40 प्रतिशत जीएसटी दर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है। होटल के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वो भी तब जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7500 रुपये या उससे कम हो। सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम करके 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जैसे जिम, सैलून, नाई की दुकान, योग सेंटर आदि, जो आम आदमी इस्तेमाल करता है। कैसिनो, रेस क्लब, या जहां कैसिनो और रेस क्लब हों, या फिर खेल इवेंट्स जैसे आईपीएल में एंट्री के लिए जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है।



- जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में लिया गया फैसला
- आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी व कार भी होंगी सस्ती
- होटल कमरों की बुकिंग सस्ती

### स्टेडियम में आईपीएल देखना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** अब क्रिकेट फैंस को स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ेंगे, क्योंकि सरकार ने जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी है। नई टैक्स व्यवस्था ने आईपीएल देखना एक लग्जरी एक्टिविटी माना है और इसे तंबाकू उत्पादों और कैसिनो जैसी सर्विसेज की ही कैटेगरी में रखा है। हालांकि आम क्रिकेट मैचों पर अभी भी 18 प्रतिशत जीएसटी ही लागू रहेगा। यानी ये बदलाव सिर्फ प्रीमियम स्पोर्ट्स इवेंट्स के लिए है। दूसरी ओर 100 रुपये तक की सिनेमा टिकटों पर सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 12 प्रतिशत था। लेकिन 100 रुपये से ज्यादा की टिकटों पहले की तरह 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं होटल बुकिंग, सौंदर्य और सेहत से जुड़ी सेवाओं पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## विजयवाड़ा से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया

**बेंगलुरु।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर गुरुवार को बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स2011 फ्लाइट से एक पक्षी टकरा गया। प्लेन के टेक ऑफ करने के पहले की घटना है। इससे विमान की नोज यानी आगे के हिस्से को नुकसान पहुंचा है। जैसे ही पायलट ने विमान का इंजन चालू किया, एक बाज विमान से टकरा गया। विजयवाड़ा से टेक ऑफ का समय सुबह 8.15 बजे का था। विमान को 9.40 बजे बेंगलुरू पहुंचना था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विमान में 160 से 165 यात्री थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि वह यात्रियों के बेंगलुरु पहुंचने के लिए दूसरे विमान का इंतजाम कर रही है। पिछले तीन दिनों में दूसरी बार किसी भारतीय विमान से पक्षी के टकराने के कारण फ्लाइट कैंसिल हुई है।

## पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुए पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस एप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी एप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट , फेयरप्ले, परिमैच व लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

## बारिश से पहाड़ों पर तबाही का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कहा: प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही
- केंद्र सरकार, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व पंजाब सरकार को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई ने प्रकृति को क्रोधित कर दिया है, अब वह बदला ले रही है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने को कहा है। याचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है, इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं।

## आतंकी फंडिंग केस में शबीर शाह को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शबीर अहमद शाह की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शाह ने आतंकी फंडिंग केस में स्वास्थ्य कारणों से राहत की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे ठुकरा दिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाह दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें उन्हें जमानत देने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ के सामने वरिष्ठ अधिवक्ता कालिन गोंसाल्वेस ने शाह की ओर से दलीलें पेश कीं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें तुरंत अंतरिम जमानत की जरूरत है। इस पर जस्टिस नाथ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आज ही उन्हें छोड़ देना चाहिए?

## अस्पताल में चूहों के काटने से नवजात शिशुओं की मृत्यु शर्मनाक: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों के काटने से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि अस्पतालों का निजीकरण कर भाजपा सरकार गरीबों के लिए उपचार कठिन बना रही है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में कहा कि इंदौर में मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत, यह कोई दुर्घटना नहीं, यह सीधी-सीधी हत्या है। यह घटना इतनी भयावह, अमानवीय और असंवेदनशील है कि इसे सुनकर भी रूह कांप जाए। एक मां की गोद से उसका बच्चा छिन गया, सिर्फ इसलिए क्योंकि सरकार ने अपनी सबसे बुनियादी जिम्मेदारी नहीं निभाई।

## दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर, फ्लाईओवर धंसा

### राहत शिविर डूबे, पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है।

मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 7 सितम्बर कर दी गई हैं। बाढ़ से अब तक 1,75,286 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई हैं। 1 अगस्त से 3 सितम्बर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। यूपी के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। राजस्थान के अजमेर में जवाहर लाल नेहरू हास्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

## SC ने थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों के सामने आए मामलों के मद्देनजर देशभर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर गुरुवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस संबंध में एक आदेश पारित किया। पीठ ने 2025 में बीते आठ महीनों के दौरान पुलिस हिरासत में कथित तौर पर 11 लोगों की मृत्यु से संबंधित एक हिंदी दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर के आधार पर यह स्वत: संज्ञान कार्रवाई शुरू की। शीर्ष अदालत ने हिरासत में मौत से संबंधित एक मामले (परमवीर सिंह सैनी बनाम बलजीत सिंह) में दिसम्बर 2020 में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि हर पुलिस थाने में नाइट विजन की क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

सभी देशवासियों को मां नंदा देवी महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
















































## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी की जटिलताओं को दूर करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार के लिए सरकार की पहल को सही बताया, लेकिन कहा कि जो कदम उठाए गए हैं वे पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जन उपयोगी बनाने की जरूरत है। खड़गे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने इसे अत्यंत जटिल बना दिया था और आम आदमी को जीएसटी के घरिए कुचलने का काम हो रहा था इसलिए कांग्रेस ने इसे गब्बर सिंह टैक्स भी कहा था। उनका कहना था कि इसके अनुपालन में अभी जटिलताएं हैं और उन्हें दूर करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है।

### झेलम नदी के तटबंध में दरार, बाढ़ की आशंका

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के तटबंध में दरार आने से श्रीनगर के निचले इलाकों में बाढ़ की आष्ठांका फिर से बढ़ गई है, जिसके बाद अधिकारियों ने सात निचले इलाकों में एहतियातन खाली करने की सलाह जारी की है। प्रशासन ने आज सुबह शलीना बडगाम में कथित दरार के मद्देनजर लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोपालपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर ने सूचित किया है कि शलीना, बडगाम में कथित दरार के कारण, एहतियाती उपाय के रूप में, लासजान, सोइतेंग, नौगाम, व्एथपोरा, गोलपोरा, पद्शाहीबाग, महजूर नगर के निवासियों को इन इलाकों को खाली करके सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जाती है।

# टैरिफ पर लगा झटका, तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ट्रम्प

## नहीं भा रही मोदी-पुतिन की दोस्ती, दिया अजीब तर्क

**वाशिंगटन, वार्ता**



डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने अदालत के उस फैसले को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके ज्यादातर व्यापक टैरिफ को अवैध करार दिया गया था।

प्रशासन का तर्क है कि ये टैरिफ यूक्रेन में शांति के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। टैरिफ के बिना अमेरिका गरीब देश बन जाएगा। दस्तावेजों में कहा गया है कि टैरिफ के साथ अमेरिका एक अमीर राष्ट्र है। 27 अगस्त को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर टैरिफ दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। दाखिल दस्तावेज में कहा गया है कि टैरिफ के बिना वह एक गरीब राष्ट्र है। राष्ट्रपति के मुताबिक एक साल पहले संयुक्त राज्य अमेरिका एक मृत देश था, और अब हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार करने वाले देशों की ओर से दिए जा रहे खरबों डॉलर के भुगतान के कारण अमेरिका फिर से एक मजबूत, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सम्मानित देश है। एक अदालत ने फैसला सुनाया था कि ट्रम्प की ओर से लगाए गए कई टैरिफ अवैध थे, लेकिन टैरिफ को यथावत रहने दिया गया।

# शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं योगी

## 48 घंटे में जेल नहीं भेजा गया, तो प्रदेशभर में विद्यार्थी करेंगे आंदोलन: अभाविप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं।

घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे। गुरुवार को कैसरबाग स्थित अभाविप कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं और छात्रों पर बाहरी गुंडों ने हमला किया और पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। सीओ ने किसके कहने पर लाठी चार्ज किया। इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है। लाठीचार्ज की घटना में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रहे मंडलायुक्त की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक दिन में रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई। अंकित शुक्ल ने कहा कि यूनिवर्सिटी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से बुधवार को ही सशर्त (प्रोविजनल) अनुमति मिली है। इससे पहले तक विश्वविद्यालय अवैध तरीके से विधि पाठ्यक्रम चला रहा था। अभाविप की यह बात साबित हो गई है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ से दो छात्रों के निष्कासन को अवैध बताते हुए कहा कि आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दो छात्रों को बिना किसी चेतावनी के सीधे निष्कासित कर दिया गया। निष्काज़ित छात्रों के साथ न्याय किया जाए।

### राजभर के बयान पर भड़के एबीवीपी के कार्यकर्ता, देर रात किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर के एक विवादित बयान ने अभाविप के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया। ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा करार दिया है। उनके इस बयान के खिलाफ बुधवार देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर रात करीब 9 बजे लखनऊ में मंत्री के आवास पर पहुंचकर नारेबाजी की। आरोप है कि इस दौरान बाहर से राजभर के आवास में पथराव भी हुआ। हंगामे को देखते हुए इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। कार्यकर्ता काफी देर तक राजभर के आवास के बाहर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक और हाथापाई भी हुई जिसमें कई छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।

### सीएम करेंगे कड़ी कार्रवाई: ब्रज भूषण

**लखनऊ/ सीतापुर।** भाजपा नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पीटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बृजभूषण एक कार्यक्रम में ष्ठाामिल होने सीतापुर पहुंचे थे। यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। बिहार में पीएम मोदी की मां के खिलाफ़ अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मोदी की मां की आलोचना जिस तरह से कांग्रेस के लोग अपनी कब्र खोद रहे है।

## सुरक्षा के माहौल में आता है निवेश, खुलते हैं रोजगार के द्वार: योगी

# गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर कटाक्ष किया कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण के मौके पर उन्होंने कहा कि निवेष्ठा की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर,



पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है।

### हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेष्ठा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए और जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। योगी ने यह निर्देष्ठा गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए भरोसा दिया कि सभी की समस्याओं का समाधान होगा।

### हम कर रहे सुरक्षा

योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की।

### ये उजाले के दुश्मन थे

योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई।

# बारिश प्रभावित राज्यों में जिम्मेदारी निभाएं सरकारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बसपा अध्यक्ष मायावती ने उठाई मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने यूपी समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी खासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान-माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाइयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ितों की राहत सहायता के लिए बड़े पैमाने पर स्वत: आगे आने की खबरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी खबर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।



सेंसेक्स 8145667
निफ्टी 24950.50



सोना रु. 105751
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार की घोषणा से उछला बाजार

**मुंबई, वार्ता**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 888.96 अंक की तेजी के साथ 81,456.67 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह गत दिवस के मुक. ाबले 549.72 अंक ऊपर 81,117.43 अंक पर था।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 265.70 अंक चढ़कर 24,980.75 अंक पर खुला। यह खबर लिखे जाते समय 135.50 अंक यानी 0.55 फीसदी ऊपर 24,950.50 अंक पर था। ऑटो, रियलिटी, एफएमसीजी, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी और धातु समूहों की कंपनियां दबाव में रहीं। जीएसटी परिषद ने बुधवार को दो मुख्य स्लैब के ढांचे को अपनाने और दरों में बदलाव के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी। इससे अब आम लोगों के उपभोग की अधिकतर चीजें पांच



■ सेंसेक्स और निफ्टी कई प्रतिशत अंक चढ़कर खुले

फीसदी कर के स्लैब में आ गई हैं। आज शेयर बाजार ने तेजी के साथ परिषद के इन फैसलों का स्वागत किया। सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर छह प्रतिष्ठात की बढ़त में था। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी तेजी में बने हुए हैं। वहीं, टाटा स्टील, इंफोसिस, पावर ग्रिड और सनफार्मा में गिरावट रही।

### जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी वाहनों की मांग: फाडा

**नई दिल्ली।** वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के फैसलों से मांग को बढ़ावा मिलेगा और देश का परिवहन तंत्र मजबूत होगा।

फाडा के अध्यक्ष एमसी विघ्नेश्वर ने एक बयान में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक को देष्ठा के ऑटोमोबाइल रिटेल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि फाडा उन साहसिक और प्रगतिशील सुधारों का हार्दिक स्वागत करता है जो कर संरचना को सरल बनाते हैं, सार्वजनिक परिवहन के लिए दरों को कम करते हैं और सभी राज्यों में आम सहमति स्थापित करते हैं। यह एक निर्णायक कदम है जो सामर्थ्य को बढ़ाएगा, मांग को बढ़ावा देगा और देश के परिवहन तंत्र को और अधिक मजबूत तथा समावेशी बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि ग्राहकों तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंच सके।

### सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। आज सोना 270 रुपए गिरकर 1,05,751 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,06,021 रुपए पर था। चांदी भी 320 रुपए गिरकर 1,22,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,07,010 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही, तो चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,950 रही। वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,910 और 22 कैरेट सोने की कीमत 98,000 रही। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# चावल-गेहूं नरम, खाद्य तेल.चीनी भी हुई सस्ती, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम में नरमी रहने के साथ गेहूं का भाव भी टूट गया। खाद्य तेलों और चीनी में भी मंदी का रुख रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट की बढ़त के साथ 4,449 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 प्रतिशत टूटकर 51.67 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 35 रुपये गिरकर 3,817.81 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी नौ रुपये से अधिक टूटकर 2,845.40 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,305.43 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 45 रुपये और सोया तेल में 95 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल 74 रुपये और वनस्पति 129 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल भी 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 30 रुपये टूट गया, जबकि मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल नरम हुई। मसूर दाल की कीमत में 27 रुपये और उड़द दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़ की औसत कीमत करीब 16 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चीनी भी तीन रुपये सस्ती हुई। दाल.दलहन : दाल चना 7947.81 रुपये, मसूर काली 8166.89 रुपये, मूंग दाल 10085.18 रुपये, उड़द दाल 10443.17 रुपये, अरहर दाल 10714.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2845.40 रुपये और चावल 3817.81 रुपये प्रति क्विंटल।

# पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा अमेरिकी टैरिफ का प्रतिकूल असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ भारतीय माल वहां तीस से पैंतीस प्रतिशत महंगा हो गया

**मुरादाबाद।** भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का असर पीतल नगरी मुरादाबाद में दिखने लगा है।


स्थानीय कारोबारियों का दर्द है कि आयात शुल्क थोपे जाने के बाद करीब 60-70 फीसदी हिस्सा बढ़े हुए टैरिफ के दायरे में आ जाने से भारतीय माल वहां 30-35 प्रतिशत तक महंगा हो गया है, जिसके चलते अमेरिकी आर्डर निरस्त हो गए हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से भी पीतल नगरी के हालात सुधरने की उम्मीद कम है। मुरादाबाद निवासी न्यू क्राउन हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट फर्म प्रबंधन से जुड़े रहे डॉ. एम मुस्तकीम ने कहा कि मौजूदा चुनौतियों से निपटने में एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत सरकार को आगे आकर मदद करनी चाहिए। कोविड काल की तर्ज़ पर कार्य पूंजी सहायता,आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए।

निर्यात से जुड़े मामलों के जानकार डॉ. मुस्तकीम ने बताया कि अमेरिकी टैरिफ से पैदा हुए हालात में निर्यातकों को सरकार के सपोर्ट की दरकार है क्योंकि इससे अकेले निर्यातकों को परेशानी नहीं होगी, बल्कि आर्टिजंस के सामने रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मुरादाबाद की निर्यातक इंडस्ट्री लगभग 60 प्रतिष्ठात वर्क फोर्स को रोजगार भी देती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे मुरादाबाद हस्तशिल्प उद्योग की चिंताओं को सरकार समझना होगा। ऐसे में आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना शुरू की जाए, रोज़गार गारंटी, नकदी संबंधी चुनौतियों का समाधान, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) पर विचार करने, सब्सिडी और ब्याज छूट, ई-कामर्स निर्यात कार्ड, निर्यात अनुपालन समर्थन, ब्रांडिंग और पैकेजिंग सहायता, लाजिस्टिक्स और वेयर हाउस सहायता के माध्यम से बाजार तक पहुंच प्रदान करने, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने, कार्यष्ठील पूंजी पर दबाव कम होने तथा नए बाज़ार तक पहुंच बढ़ाने की दरकार है। डॉ. मुस्तकीम ने कहा कि वर्तमान में अधिकांश आर्डर कैंसिल हो गए हैं। पीतल नगरी के नाम से विशवभर में प्रसिद्ध यूपी के मुरादाबाद की लगभग 165 वर्ष पुरानी इंडस्ट्री में 1960 में कारोबार ष्ठाुरू हुआ था।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# रेशम कीट बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना उत्तराखण्ड : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य में रेशम कीट बीज उत्पादन कार्यों को गति देते हुए विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। गत वर्ष में विभाग द्वारा 312 मीट्रिक टन शहतूत कोया, 55,352 ओकटसर कोया तथा 10 हजार किग्रा एरी रेशम कोये का उत्पादन किया गया, जिससे लगभग 9 हजार कृषक परिवार लाभान्वित हुए।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्माण से अब तक रेशम विभाग कीटबीज उत्पादन के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड, भारत सरकार पर निर्भर था, जिस पर भारी धनराशि खर्च करनी पड़ती थी। लेकिन वर्तमान में विभाग ने बसंत फसल में ही 7 लाख डीएफएल्स का उत्पादन कर आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है। अब उत्तराखण्ड अन्य राज्यों को भी कीटबीज की आपूर्ति करने में सक्षम है। विभागीय मंत्री जोशी के निर्देशों पर विभाग द्वारा 13.91 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केन्द्रीय रेशम बोर्ड को भेजा गया था। इस प्रस्ताव के अंतर्गत शहतूत एवं वन्या रेशम क्लस्टरों की स्थापना के मंजूरी मिल चुकी है। अभी तक एक शहतूती और एक वन्या क्लस्टर के लिए 3 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हो चुका है, जबकि शेष 4 क्लस्टरों के लिए शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध होगी। इन क्लस्टरों से प्रदेश के 450 परिवारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों की आय बढ़ेगी। ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के अंतर्गत गत वर्ष 13 जनपदों में 300 महिला लाभार्थियों का चयन कर 90 हजार शहतूती पौधों का रोपण किया गया। इन लाभार्थियों को ककून क्राप्ट एवं रेशम धागाकरण का प्रशिक्षण देकर रेशम उत्पादन से जोड़ा जा रहा है।

जनपद पौड़ी के यमकेश्वर विकास खंड में देवभूमि रेशम किसान संगठन द्वारा 300 एकड़ भूमि पर शहतूत वृक्षारोपण किया गया है, जिससे 600 किसान रेशम कीटपालन से जुड़े हैं। भविष्य में इस क्षेत्र में रेशम धागाकरण एवं वस्त्रोपादन कार्य भी प्रस्तावित है।

1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद

Mercy Nursing Home
Add- Kartarpur Road Chandpur Bilaspur Rampur (U.P)
Dr. Yasin Pasha

1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद

हाजी डा. शाहिद रजा — प्रबंधक/अध्यक्ष
हाजी डा. सोनू खान — कार्यवाहक अध्यक्ष
हाजी बाबू खान — सलाहाकार, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड नं.-29
नदीम खां — सलाहाकार
फरीद अहमद मंसूरी — उपाध्यक्ष
उमर अली — उपाध्यक्ष
आरिफ अंसारी — उपाध्यक्ष
दानिश सैफी — उपाध्यक्ष
सलीम अहमद — उपाध्यक्ष
कमर अली पाशा — उपाध्यक्ष
मो. इदरीश — उपाध्यक्ष
सैयद इकराम मियां — महासचिव
परवेज खान — संगठन मंत्री
मो. असलम — संगठन मंत्री
मो. असफाक, सचिव — पार्षद वार्ड-13
साहिब खान — कोषाध्यक्ष
डा0 हबीब अहमद — सचिव
आजम अली — सचिव
वसीम रजा — सदस्य
शाकिर खां — सरपरस्त
उमर खान — संगठन मंत्री
आफाक अहमद — सरपरस्त
मिन्जानिब–जुलूसे मोहम्मदी कमेटी, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुतकर्ता: नवीन अरोरा, प्रभारी शाह टाइम्स, काशीपुर

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध एवं भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखण्ड द्वारा संचालित
तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज
चैती मोड़, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन : 05947-262375
सभी कक्षाओं में सह-शिक्षा हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम से (From Nursery to 12th)
हमारी विशेषताएं : "कुशल एवं अनुभवी अध्यापकों के मार्गदर्शन में गुणवत्ता एवं संस्कार युक्त शिक्षण व्यवस्था। "पूर्ण सुसज्जित, पुस्तकालय, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गणित प्रयोगशालाएं। "विशाल क्रीड़ा स्थल, बैडमिन्टन एवं बास्केट बॉल एवं अन्य सभी खेलों की व्यवस्था। "प्रतिवर्ष श्रेष्ठ परीक्षाफल के साथ उत्तराखण्ड बोर्ड की वरीयता सूची में छात्रों का स्थान। "शहर एवं ग्रामीण के अधिकतर भागों के विद्यालय बस की सुविधा।। "प्रभावी अंग्रेजी बोलने पर जोर एवं स्मार्ट क्लास की व्यवस्था। "इंटरमीडिएट कक्षा के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण एवं मार्ग दर्शन हेतु समुचित परामर्श की व्यवस्था। "सम्पूर्ण विद्यालय परिसर सी.सी.टी.वी. की निगरानी में।
हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की मैरिट सूची में विद्यालय में श्रेष्ठ छात्र/छात्राएं
नितिन कुमार-प्रदेश में 16वां स्थान, प्रेम कुमार-प्रदेश में 18वां स्थान, सोयम-प्रदेश में 21वां स्थान, नेहा राणा-प्रदेश में 22वां स्थान, मुजम्मिल-प्रदेश में 24वां स्थान
इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की मैरिट सूची में विद्यालय में श्रेष्ठ छात्र
शौर्य-प्रदेश में 6वां स्थान, प्रियम कुमार पाण्डे-प्रदेश में 9वां स्थान, वरुण कश्यप-प्रदेश में 20वां स्थान
अध्यक्ष — सत्य प्रकाश गुप्ता; प्रबन्धक — जी.डी.मठपाल; कोषाध्यक्ष — सुरेन्द्र सिंह जीना; प्रधानाचार्य — त्रिवेन्द्र सिंह

उदयराज हिन्दू इण्टर कालेज
काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) दूरभाष : 274061
स्थापित सन् 1914 · छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित संस्था · कक्षा 6 से 12 तक कला, वाणिज्य, विज्ञान वर्गों सहित कुल 31 कक्षाएं · भव्य विज्ञान प्रयोगशालाएं एवं भूगोल कक्ष · भव्य एवं विशाल पुस्तकालय · विशाल क्रीड़ा मैदान · एन.सी.सी. यूनिट · रेडक्रास · सुसज्जित कम्प्यूटर लैब · सुसज्जित प्रशासनिक कक्ष · कम्प्यूटर शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था · समरसिबल पम्प द्वारा जलापूर्ति · आकर्षक फुलवारी · विद्यालय का भव्य प्रेक्षागृह व विशाल लॉन
कक्षा 6 से 8 तक अंग्रेजी माध्यम से कक्षाएं संचालित हैं। अगले सत्र से कक्षा 9 से भी अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश होंगे।
उल्लेखनीय - यह विद्यालय ११० वर्ष पूर्ण कर
के. सी. सिंह बाबा — अध्यक्ष; शिवनन्दन प्रसाद अग्रवाल — मंत्री/प्रबन्धक; ब्रिजेश कुमार गुप्ता — प्रधानाचार्य
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल — कोषाध्यक्ष; हिमांशु गर्ग — उपाध्यक्ष; कृष्ण वर्मा चौहान — उपमंत्री

SHRI GURU NANAK SENIOR SECONDARY SCHOOL
KUNDESHWARI ROAD, KASHIPUR-244713
GURU NANAK MODEL SCHOOL
RAMNAGAR ROAD, KASHIPUR-244713
5th Sept. Teachers' Day Heartily Congratulations on the occasion of 5th Sept. Teachers' Day from the Management, Principal Teachers, Staff Members & all the Students &
ALL MANEJMENT MEMBERS/PRINCIPAL

CHHAUNI CHILDREN'S ACADEMY
Affiliated to C.B.S.E. UPTo 10+2 (SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES)
Fort, Katoratal Road, Kashipur, U.S. Nagar, Uttarakhand-244713
Contact : 7017667170, 7500001896, Website : www.ccaksp.org.in.e-mail : ccakashipur@gmail.com
5th Sept. Teachers' Day Heartily congratulations on the occasion of 5th Sept. Teachers' Day from the Management, Principal Teachers, Staff members & all the students of
CHHAUNI CHILDREN'S ACADEMY

राजकीय मान्यता प्राप्त विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध एवं भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखण्ड द्वारा संचालित
तारावती सरोजनी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज
अलीगंज रोड, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन : 9434116617

श्री आशीष गुप्ता — अध्यक्ष; श्री दीपक मित्तल — प्रबन्धक; श्रीमती शैली शर्मा — कोषाध्यक्ष
प्रधानाचार्या : श्रीमती शैफाली पाण्डेय

श्री गीता भवन द्वारा संचालित
श्री गीता बाल विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
काशीपुर जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)
विद्यालय की विशेषताएं
राजीव अग्रवाल (पूर्व विधायक) — प्रबन्धक/मंत्री; राम मेहरोत्रा — अध्यक्ष
एवं समस्त सम्मानित पदाधिकारी व समिति के सदस्यगण

विद्यालय प्रबंधन कमेटी व अभिभावकों की ओर से समस्त शिक्षकगणों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं
आर० एस० ढिल्लो जनता इण्टर कालेज
महादेव नगर, काशीपुर (उधम सिंह नगर)

गुरदयाल सिंह — प्रबंधक
श्रीमती रिम्पल कुमारी — प्रधानाचार्या

संस्थापक : स्व. श्री नरेन्द्र सिंह मानस — उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
विवेकानन्द विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज
नारायण नगर, बाजपुर रोड, काशीपुर, उधम सिंह नगर
श्रीमती निशा सिंह — संस्थापक सदस्य; मानवेन्द्र सिंह मानस — व्यवस्थापक; अरविन्द राव — प्रधानाचार्य

# विभिन्न योजनाओं के लिए 58.43 करोड़ की सीएम ने दी स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री घोषणा के तहत सीएम पुष्कर धामी ने "घनसाली बाजार में वाहन पार्किंग निर्माण हेतु रु. 2.66 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर में टर्नर रोड, पोस्ट ऑफिस मार्ग एवं मोहब्बेवाला के आंतरिक मार्गों में हॉट मिक्स इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली निर्माण सहित मार्ग निर्माण के कार्य हेतु रु. 4.49 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस लाईन रेसकोर्स देहरादून में टाईप द्वितीय (ब्लॉक-ए) के 120 आवासों के निर्माण हेतु भी रु. 51.28 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन की स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शान्ता टंडन पत्नी स्व० ब्रह्म सरन टंडन, निवासी गिरीताल रोड, वार्ड न० 1 हैवेल्स शोरूम के सामने, पोस्ट ऑफिस काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर को दिनांक 14.06.2017 से दिनांक 14.10.2022 तक 16,000 प्रतिमाह तथा दिनांक 14.10.2022 से रु. 20,000 प्रतिमाह बकाये सहित 'लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन अनुमन्य किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# एडीजीएलओ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जनपदों के कप्तानों की ली बैठक

**देहरादून।** अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, द्वारा गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल और कुमाऊँ रेंज सहित समस्त जनपदों के वरिष्ठपुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षक को के साथ लम्बित विवेचनाओं एवं बारावफात पर्व की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जनपदवार समीक्षा/चर्चा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जनपद प्रभारियों को ईद-ए-मिलादमिलाद-उल-नबी के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्तिकानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

SAMAR STUDY HALL
(SENIOR SECONDARY SCHOOL)
NURSERY TO CLASS XII
(AN ENGLISH CO-EDUCATIONAL SCHOOL AFFILIATED TO CBSE)
Affiliation No. 3530213

Kundeshwari
KASHIPUR-244713
Distt. U.S.Nagar (Uttarakhand)
Ph.05947-224141 (O), 224132 (R),
Fax : 224342, Cell : 98370-48235
MUKTA SINGH (President)

समस्त क्षेत्र वासियों, शिक्षक वर्ग एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड लॉ कॉलेज
(एआईसीटीई एवं बार काउंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल से सम्बद्ध)
बाजपुर रोड, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर), उत्तराखण्ड
Courses Offered:- MBA, BBA, BCA, B.Com.(Hon.), LL.B., LL.M., BBA LL.B.
Proposed Course : M.Com. (Finance)
श्रीमती विमला गुड़िया — अध्यक्ष; डॉ० केवल कुमार — निदेशक; डॉ० निमिषा अग्रवाल — प्राचार्य (पूजी); डॉ० आर. एन. सिंह — प्राचार्य (लॉ)
समस्त एस० सी० गुड़िया आईएमटी परिवार
CONTACT FOR ADMISSION :
8433495062 (LAW), 8077750961 (MBA), 9259069231(UG)

किसान इण्टर कालेज
कुण्डेश्वरी, काशीपुर (ऊधम सिंह नगर) 05947-224177
हाईस्कूल की मान्यता-1973 में, इन्टर की मान्यता-1989 में, इन्टर विज्ञान की मान्यता-2003 में
हवादार कमरे, खेल का विशाल मैदान
राजीव अग्रवाल (पूर्व विधायक) — अध्यक्ष; संजय चौधरी (एडवोकेट) — प्रबंधक; डॉ. किरन सिंह — प्रधानाचार्य

# जिला नेतृत्व को सशक्त बनाना है संगठन सृजन अभियान का मकसद: गोहिल

## कांग्रेस के राज्यसभा सांसद की काशीपुर में प्रेसवार्ता



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राज्य सभा सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक व कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल वृहस्पतिवार को यहां नव चेतना कांग्रेस भवन में मीडिया से मुखातिब हुए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वर्किंग कमेटी ने अंदरूनी लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए 'संगठन सृजन अभियान-2025' के तहत संगठन को मजबूत करने के लिए यह अभियान चलाया है। यह अभियान गुजरात से स्वयं उनकी देखरेख में शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड, ओडिशा और पंजाब में इसी तरह की संगठनात्मक गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जबकि मध्य प्रदेश, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्यों ने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों का चयन सितंबर तक पूरा हो जाएगा और आगामी दिनों में कांग्रेस पर्यवेक्षक जिले भर के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों से मिलकर फीडबैक लेंगे। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने पूरे देश में कांग्रेस में नई जान फूंक दी है। इस दौरान हरिद्वार के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र रावत, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ज्योति रौतेला एवं दीवान सिंह तोमर भी उपस्थित थे। यहां कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेसी अरुण चौहान, मनोज जोशी एडवोकेट, अनुपम शर्मा, संदीप सहगल, मनोज अग्रवाल, जितेंद्र सरस्वती, शिवम शर्मा, अर्पित मेहरोत्रा, मंसूर अली मंसूरी, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, अलका पाल, इन्दू मान, रोशनी बेगम आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# बोल्डर की चपेट में आने से बाल-बाल बचीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरक रही पहाड़ी अब दिनों दिन मुसीबत का सबब बनते जा रही है। गुरुवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें विद्यालय को पैदल जा रही शिक्षिकाओं पर एकाएक बोल्डर गिरने लगे। हालांकि हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई है। दरअसल, बीते दिनों लगातार बारिश के चलते क्वारब के पास हाइवे का एक हिस्सा वास आउट हो गया। बारिश थमने के बाद प्रशासन की टीम जेसीबी के माध्यम से लगातार मार्ग को खोलने का कार्य कर रही है। गुरुवार को भी चौथे दिन मार्ग में यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसपास के लोग पैदल ही यहां से आवाजाही कर रहे हैं। इनमें अल्मोड़ा के आसपास के हिस्सों की शिक्षक, शिक्षिकाएं और कामकाजी लोग भी शामिल हैं। गुरुवार को एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। जिसमें दिखाई दे रहा है कि छह शिक्षिकाएं क्वारब के डेंजर जोन को पैदल पार कर रही हैं। तीन शिक्षिकाओं के आगे निकलते ही पहाड़ी से बोल्डर गिरना शुरू हो गया। गनीमत रही कि बोल्डर शिक्षिकाओं के बीच में गिरा। इससे बड़ा हादसा टल गया। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होती है सुरक्षा को लेकर तमाम सवाल उठने लगे हैं। लोगों ने जल्द मार्ग का स्थाई समाधान निकालने की मांग उठाई है।



## एक नजर

### पंत पार्क में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की मांग

**काशीपुर।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती पर स्टेशन रोड स्थित पंत पार्क में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने की मांग आज भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति द्वारा जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष में एक बार पंत जयंती के अवसर पर पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाता है। इसके अलावा इस ओर ध्यान न दिये जाने से पार्क में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। बच्चों के खेलने की मंशा से बनाया गया पंत पार्क अब सिर्फ नशा और लवर प्वाइंट बन गया है। इस पार्क का मेन गेट वर्ष में एक बार खुलता है। यहां का शौचालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। लाइट और झूले खराब हैं। फव्वारा नियमित नहीं चलता। सफाई आयोजन के दौरान ही होती है। हालांकि चौकीदार/माली की समुचित व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने पार्क में नशेड़ी तत्वों पर लगाम कसने के लिए नियमित पुलिस गशत के निर्देश दिये। साथ ही पार्क की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश जारी किए। उन्होंने पार्क में पेड़ों की छंटाई हेतु भी निर्देशित किया।

### बांह में काला फीता बांध सांकेतिक प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। गुरुवार को भी नाराज कर्मचारियों ने बाह में काला फीता बांध विरोध प्रदर्शन किया। जल्द वेतन का भुगतान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। लोअर मालरोड स्थित रोडवेज कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। कहा कि कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं, लेकिन पिछले दो माह से उन्हें वेतन तक नहीं दिया गया है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों के लिए घर का खर्चा चला पाना भी मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने जल्द वेतन के भुगतान की मांग की। कहा कि पिछले चार दिनों से कर्मचारी काली पटी बांध वेतन की मांग कर रहे हैं, लेकिन फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में शाखा अध्यक्ष प्रदीप टम्टा, ललित सिंह बोरा, राजकुमार टम्टा, आनंद लटवाल, मनोज भट्ट, राजेश वैश्य आदि मौजूद रहे।

### लखपति दीदी योजना की समीक्षा बैठक ली

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में गुरुवार को लखपति दीदी योजना एवं रीप योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडे ने योजनाओं के लक्ष्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने समेत आदि को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दीदी को वर्ष में कम से कम एक लाख रुपये की आय सुनिश्चित कराना लक्ष्य है। इसके अलावा रीप योजना के अंतर्गत उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वयं सहायता समूहों की इकाइयों को सशक्त करने एवं विपणन सहायता प्रदान करने के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था को मजबूत कर दीदियों को सशक्त किया जाए। डीडीओ एसके पंत ने बताया कि जनपद में 6292 स्वयं सहायता समूह गठित हैं। इन समूहों में कुल 42854 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। 829 ग्राम संगठन बने हुए हैं। बताया कि लखपति दीदियों की संख्या 14296 हो गई है। यहां बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. योगेश अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक रीप राजेश मठपाल आदि मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी संघ मुखर

**बागेश्वर।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ एक बार फिर से मुखर हो गया है। नाराज कर्मचारियों ने सीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नगर पालिका के ईओ को सौंपा। ज्ञापन में जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष मदन लाल के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों ने ईओ मो. यामीन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में सफाई व्यवस्था के लिए व्याप्त ठेका प्रथा को बंद करने, दैनिक संविदा कर्मियों के विनयमतीकरण, पुरानी पेंशन बहाली करने और नजूल भूमि में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने की मांग की है। इस मौके पर महामंत्री तेजपाल, ललिता देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

### भांग की अवैध खेती पुलिस ने की नष्ट

**बागेश्वर।** नशामुक्त बागेश्वर जिला बनाने की पुलिस की मुहिम जारी है। इसी क्रम में झिरौली थाना पुलिस ने एक नाली में उगी अवैध भांग की खेती नष्ट की। थानाध्यक्ष झिरौली मनवर सिंह ने बताया झिरौली पुलिस टीम ने ग्राम बोहाला में करीब एक नाली अवैध भांग को नष्ट किया गया।

### कुमाऊंनी संस्कृति पर टिप्पणी से आक्रोश

**बागेश्वर।** सोशल मीडिया फेसबुक पर कुमाऊंनी संस्कृति व परंपरा पर टिप्पणी पर बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज लोगों ने कोतवाल को ज्ञापन सौंपकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वाहिनी अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में लोग गुरुवार को कोतवाल कैलाश नेगी से मिले। उन्होंने कहा कि नाम के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट डाली है। जिसमें कुमाउंनी, संस्कृति व परंपरा पर कड़ी आपत्तजनक पोस्ट डाली है। इससे उन्हें ठेस पहुंची है। उन्होंने ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों में सुनील पांडे, दिव्यांशु कुमार आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक शुक्ला



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख रुद्रपुर रीना गौतम अचानक बरा भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष मोनू बिष्ट के आवास शांतिपुरी नं. 4 पहुंचे। आवास पहुंचने पर मोनू बिष्ट ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद क्षेत्र की जन समस्याएं, गौला नदी के तेज बहाव से खेत के कटाव और फसल के हुए नुकसान से अवगत करवाया और पीड़ित किसानों को उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। इस मौके पर जितेंद्र गौत्तम मंडल उपाध्यक्ष मोनू बिष्ट क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ईश्वर दानू, हरीश कोरंगा (जॉन) आदि लोग मौजूद थे।

# ताईक्वांडो खिलाड़ियों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो दिवस के अवसर पर जिले में ताइक्वांडो खेल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जिला ताइक्वांडो एवं पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन बागेश्वर के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें जिलेभर से खिलाड़ी और खेलप्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गणेश सिंह धपोला ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ मिलकर केक काटकर दिवस का उत्सव मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, संयम और आत्मरक्षा की शिक्षा देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से निरंतर अभ्यास करते हुए जिले का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। खेलो इंडिया अस्मिता लीग में बागेश्वर का जलवा रहा। धपोला ने हाल ही में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता लीग में जिले के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। जिले के आठ खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में पदक जीतकर न केवल बागेश्वर, बल्कि उत्तराखंड का भी मान बढ़ाया था। अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो दिवस के अवसर पर इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सम्मानित खिलाड़ियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी ताकि भविष्य में भी बागेश्वर के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव किशोर कुमार, सह सचिव जगदीश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष पवन आर्या, जिम कार्बेट इंटरनेशनल स्कूल के संचालक शशिकांत, दीपक रौतेला, जगदीश नेगी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से बैठक आयोजित की गई। जिसमें सात सितंबर जनपद और महानगर के प्रस्तावित अधिवेशन को लेकर चर्चा हुई। बुधवार को आयोजित बैठक में जिला प्रभारी अल्मोड़ा गिरीश नाथ गोस्वामी ने बताया कि सात सितंबर को उत्तराखंड क्रांति दल जनपद इकाई अल्मोड़ा और महानगर अल्मोड़ा के लिए अध्यक्ष पद पर चुनाव होगा। उन्होंने केंद्रीय पदाधिकारी एवं जिला के पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ताओं से समय कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यहां बैठक में जिला संयोजक दिनेश जोशी, मोहित शाह, सुजीत टम्टा, कुंदन कनवाल, पान सिंह लटवाल, त्रिलोक सिंह बिष्ट, दीपक कुमार, मनोज जड़ौत, आकाश कुमार, वैभव शाह आदि मौजूद रहे।

# गंगा संरक्षण अभियान की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की नदियों के संरक्षण, पुनरुद्धार एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को नगर निकाय क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं स्रोत पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्र के सभी नालों की नियमित सफाई पर विशेष बल दिया। नगर पंचायत कपकोट को ट्रेंचिंग ग्राउंड हेतु भूमि चिन्हित करने, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कूड़े का पृथक्करण करने एवं गीले तथा सूखे कूड़े को अलग-अलग संग्रहित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को जनपद की प्रमुख नदियों एवं सहायक नदियों के किनारे स्थित गांवों को चिन्हित कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं सिंचाई विभाग को कुंती नाले के ट्रीटमेंट हेतु ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी विवेक परिहार ने अवगत कराया कि जनपद के सभी नगर निकायों में शत प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण किया जा रहा है। साथ ही नैचुरल फार्मिंग कोरिडोर योजना के तहत जनपद में 39 क्लस्टरों में प्राकृतिक खेती की योजना संचालित है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 14 क्लस्टर चयनित किए गए हैं। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहली बैठक: परिचय दिया, समस्याएं रखीं



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** गुरुवार को कोटाबाग ब्लॉक में प्रमुख मनीषा जंतवाल की अध्यक्षता में प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी क्षेत्र पंचायतों वह अधिकारियों का परिचय किया गया। वहीं इस दौरान कुछ क्षेत्र पंचायतों ने अपने क्षेत्र की कुछ समस्याएं भी रखीं। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख कनिष्ठ प्रमुख सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान भी मौजूद थे। इस दौरान नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। हर छोटे बड़े कार्य सभी प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यो को साथ लेकर किए जाएंगे। इस दौरान मंच संचालन एडीओ पंचायत विनोद भट्ट ने किया सहित मयंक तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विक्रम जंतवाल, दीपा ढ़ोड़ियाल, चित्रा बिष्ट, मनोहर लाल, तरुण कुमार, प्रभा पांडे सहित जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज, अनीता आर्या, हैम नैनवाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान अधिवक्ता के तौर पर 50 साल पूरे करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। जिला न्यायालय स्थित बार भवन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद लाल वर्मा, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र सिंह परिहार, कौशल चंद्र तिवारी और विजयलक्ष्मी रौतेला को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दो नए न्यायिक अधिकारी सिविल जज जूनियर डिवीजन उदिशा सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट नवल सिंह बिष्ट का स्वागत भी किया गया। मुख्य अतिथि जिला जज श्रीकांत पांडे ने कहा कि हमें ऐसे अधिवक्ताओं का ज्ञान व अनुभव प्रेरणा देता है। इस मौके पर नीना अग्रवाल, सिविल जज सीनियर डिवीजन रविंद्र देव मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश चंद्र सिंह परिहार, नरेंद्र सिंह परिहार, कौशल चंद्र तिवारी, केवल सती, चामू सिंह गस्याल, पीसी तिवारी, जगत रौतेला, महेश चंद्रा, भानु प्रकाश तिलारा, भावना जोशी, दीप चंद्र जोशी, रमाशंकर नैलवाल, विनोद पंत, हरीश धपोला, शेखर लखचौरा, कविंद्र पंत, विवेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# टैरिफ के विपरीत प्रभाव की चैंबर अध्यक्ष ने दी जानकारी

**काशीपुर।** कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया है कि हाल ही में अमेरिकी सरकार द्वारा भारत से अमेरिका को निर्यात की जा रही अधिकांश वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लागू कर दिया गया है। अचानक लागू हुए इस शुल्क के कारण उत्तराखण्ड राज्य की निर्यातक औद्योगिक इकाइयों के निर्यात कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिससे न केवल उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी बल्कि इस क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक विकास पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। इस गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा शासन स्तर पर विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान सिडकुल के प्रबंध निदेशक ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को शीघ्र ही भारत सरकार के समक्ष उच्च स्तर पर उठाया जाएगा, ताकि प्रभावित औद्योगिक इकाईयों को आवश्यक राहत और सहयोग प्राप्त हो सके। श्री अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के सभी उद्योगों से आग्रह किया गया है कि वे अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से होने वाले विपरीत प्रभावों से केजीसीसीआई को यथाशीघ्र अवगत करा दें ताकि उनका पक्ष एवं चिंताएं सरकार के समक्ष रखकर उनका कोई सकारात्मक समाधान निकाला जा सके।

# दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सेवाओं को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला टेलीकॉम समिति की गुरुवार को कलक्ट्रेट में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में बीएसएनएल के नेटवर्क को सुदृढ़ और बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

जानकारी दी गई कि जिले के दो ब्लॉकों के 218 ग्राम पंचायतों में कनेक्टिविटी अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है। डीएम आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में इन्वेस्ट उत्तराखंड पोर्टल, भारत नेट परियोजना, 4-जी सैचुरेशन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। मैनेजर ई-डिस्ट्रिक्ट पवन सिंह खड़ाई ने बताया कि इन्वेस्ट उत्तराखंड पोर्टल पर 256 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 243 आवेदन स्वीकृत, एक अस्वीकृत और 12 आवेदन लौटाए गए हैं। भारत नेट परियोजना के तहत हवालबाग और ताकुला विकासखंड की 218 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इनमें कनेक्टिविटी अपग्रेडेशन का कार्य गतिमान है। बैठक में एडीएम सीएम मर्तोलिया, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सहायक महाप्रबंधक बीएसएनएल राजेंद्र रैना, टेलीकॉम ऑफिसर हरीश चंद्र तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्विस रोड: मेयर ने एनएच को लिखा पत्र



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने फ्लाईओवर के दोनों ओर टूट चुकी सर्विस रोड तथा नालों के निर्माण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग के हल्द्वानी कार्यालय को पत्र लिखकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

महापौर ने लोक निर्माण विभाग के काशीपुर कार्यालय को भी पत्र लिखकर मानपुर रोड पर दोनों ओर गैबिया नहर तक नाले निर्माण के लिए अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त क्षेत्र देखने में तो नगर निगम सीमा के अंदर दिखाई देते हैं लेकिन हकीकत में यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग तथा राज्य लोक निर्माण विभाग के क्षेत्र में आते हैं जिस कारण इन क्षेत्रों से संबंधित निर्माण एवं मरम्मत भी इन्हीं विभागों द्वारा की जाती है। महापौर दीपक बाली ने एनएच के हल्द्वानी कार्यालय को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि काशीपुर के मुख्य चौराहे पर बने फ्लाई ओवर के दोनों ओर की सर्विस रोड बुरी तरह टूट चुकी है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। साथ ही इस क्षेत्र में स्थित नाले क्रियाशील नहीं है जिन्हें क्रियाशील किया जाए और जहां पर नए नालों की आवश्यकता है वहां नालों का निर्माण किया जाए क्योंकि जल भराव होने से आसपास के दुकानदार राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले लोग तथा आसपास की बस्तियों के निवासी बहुत परेशानी भरा जीवन जी रहे हैं। महापौर श्री बाली ने लोक निर्माण विभाग काशीपुर के अधिशासी अभियंता से कहा है कि गुरुद्वारा रोड पर एक रिसॉर्ट के सामने जहां नाले पर गैबिया से होकर ढेला में जाने वाले पानी की निकासी होती है वहां रिसॉर्ट के सामने बहुत ही संकरी स्थिति है। इसे चौड़ा करके बनाया जाए।

### ऑल इंडिया मेयर काउंसिल कीं वार्षिक सभा में मेयर बाली ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर के महापौर दीपक बाली ने हरियाणा के करनाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खटर की उपस्थिति में आयोजित ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की 53वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक में प्रतिभाग किया। इस राष्ट्रीय बैठक में 21 से अधिक राज्यों के महापौर शामिल हुए और अपने-अपने नगरों में किए जा रहे सफल नवाचारों एवं विकास कार्यों को साझा कर अन्य शहरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। महापौर दीपक बाली ने काशीपुर लौटकर जानकारी दी कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नगरों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर विकास के नए आयामों को साझा करना और उन्हें अमल में लाने की दिशा में ठोस पहल करना रहा। उन्होंने कहा कि इस मंच पर स्मार्ट सिटी, स्वच्छता, पेयजल प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और शहरी विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं, जिनका लाभ काशीपुर के विकास कार्यों में भी लिया जाएगा। महापौर दीपक बाली ने विश्वास जताया कि इस सम्मेलन से मिले अनुभव और सुझाव काशीपुर के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

### युवक से साइबर ठगी

**अल्मोड़ा।** वन विभाग में नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने नौकरी का झांसा देकर युवक से 73 हजार रुपय ठग लिया। इधर, पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थापली मासी निवासी एक युवक ने चौखुटिया पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि 23 अगस्त को उसे एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन कर रहे व्यक्ति ने खुद को वन विभाग का अधिकारी बताया और विभाग में फॉरेस्ट गार्ड के पद में भर्ती कराने की बात कही। आरोपी ने पीड़ित से दस्तावेज और स्कैनर से 470 रुपये फीस मांग ली। फिर इंश्योरेंस के नाम पर 3960 रुपये ले लिए। मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और दस्तावेज सत्यापन के नाम पर 73293 रुपये ठग लिए। घटना घटने के बाद युवक को एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। पीड़ित ने हेल्पलाइन नंबर 1930 के अलवा अन्य नंबरों में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से गुहार लगाई है।

# दुर्घटना के आरोपी रोडवेज बस चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** रोडवेज बस की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत के मामले में रोडवेज चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। श्यामपुरम कालोनी, बाजपुर रोड, काशीपुर निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र जयप्रकाश ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा भाई इन्द्र प्रकाश पूर्वोत्तर रेलवे, लालकुआं में ट्रेकमेन के पद पर कार्यरत था। बीती 31 अगस्त की सुबह के लगभग आठ बजे उसका भाई अपनी मोटरसाईकिल से अपनी ड्यूटी लालकुआं के लिए जा रहा था तभी फायर स्टेशन के पास रोडवेज बस रजिस्ट्रेशन संख्या-यूके07 पीए 2846 के चालक ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए गलत साईड में लाकर मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी जिससे उसका भाई इन्द्र प्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा मोटरसाईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राजेन्द्र ने बताया कि उसके भाई को अग्निशमन विभाग द्वारा राजकीय चिकित्सालय काशीपुर में भर्ती कराया गया। जहां से उसके भाई की गम्भीर हालत देखते हुए हायर सेण्टर के लिए रेफर कर दिया, जिसके उपरान्त मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ठाकुरद्वारा में ही उसके भाई इन्द्र प्रकाश की मृत्यु हो गयी। उसके भाई का पोस्टमार्टम सरकारी अस्पताल, काशीपुर में हुआ तथा उक्त घटना को वहाँ से गुजर रहे राहुल कुमार व नजाकत हुसैन निवासी सुल्तानपुर ने देखा है। राजेन्द्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रोडवेज चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राज सूर्यवंशी ने जीता स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी।** आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल लामाचौड़ के कक्षा 11वीं के छात्र राज सूर्यवंशी ने 23वीं उत्तराखंड प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 50 मीटर पिस्टल जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। राज की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री आकांक्षा रावत का नाम बदलकर आकांक्षा लाहोटी रख लिया है। अत: भविष्य में मेरी पुत्री को आकांक्षा लाहोटी के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**आशीष लाहोटी पुत्र विनय कुमार लाहोटी, अपोजिट राज लक्ष्मी फर्नीशर्स मिश्रा कुन्ज नैनीताल रोड हल्द्वानी, नैनीताल।**

# गौलापुल से युवक ने लगाई छलांग

## पत्थरों पर देर तक तड़पता रहा, अस्पताल ले जाते समय मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक युवक ने गौलापुल से नीचे छलांग लगा दी। हालांकि नदी के पानी में गिरने के बजाय युवक नीचे मौजूद धारदार पत्थरों पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने पोकलैंड के जरिये घायल युवक के पास पहुंचे और उसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखकर युवक की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई। जानकारी के अनुसार गुरूवार साढ़े चार बजे एक 25 वर्षीय युवक गौलापुल पर खड़ा था। तभी अचानक वह पुल की रेलिंग पर चढ़ा और नदी में छलांग लगा दी। यह देख वहां पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते वहां लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत बनभूलपुरा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार मय टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा कि पुल से कूदा युवक नदी के बीच में गिरा था और नदी के दोनों ओर पानी का तेज बहाव था। जिसके चलते पुलिस व स्थानीय लोग घायल युवक के पास तक नहीं पहुंच पाए। काफी देर तक युवक वहीं तड़पता रहा। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत युवक को बाहर निकालने के लिए पोकलैंड को नदी में उतारा गया। पोकलैंड के जरिये पुलिस व स्थानीय लोग घायल युवक के पास पहुंचे और युवक तड़प रहा था। आनन फानन में पुलिस व लोगों द्वारा उसे लहूलुहान हालत में नदी से ऊपर लाया गया और उसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया और युवक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा कि जब युवक पुल से नीचे कूदा तो उसके साथ एक युवती भी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इधर थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर तुरंत घायल को सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है और साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।



# दो दिन पहले बही महिला की लाश गौला नदी से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दो दिन पूर्व घास काटने के दौरान नदी में बही महिला का शव आज गुरूवार को गौलानदी से बरामद हुआ है। गौला नदी में महिला की शव की सूचना पर बनभूलपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही महिला के परिजनों को भी सूचित कर दिया। घटना की सूचना पर महिला के परिजन भी हल्द्वानी पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उक्त जानकारी देते हुए बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि भीमताल के ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा बड़ौन के तोक बसौटिया निवासी तुलसी देवी (50) पत्नी तेजराम मंगलवार को घर के पास ही जंगल से घास काटने गई थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। जब देर रात तक महिला तुलसी देवी घर नहीं आई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। लापता होने के रोज क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी। बुधवार की सुबह जब ग्रामीणों ने महिला की तलाश शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर महिला के चप्पल और दराती मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने गांव के पास से बह रही बसोटिया नदी में महिला के बह जाने की आक. ांशा जताई। पिछले दो दिनों ने स्थानीय ग्रामीण, पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगाातर महिला की तलाश कर रही थी। लेकिन महिला का कोई पता नहीं चला। गुरुवार को हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और रेलवे स्टेशन के बीच से बहने वाली गौला नदी में एक महिला के शव पड़े होने की सूचना मिली। आनन-फानन एसडीआरएफ और बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। तेज बहाव के बीच महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। जिसके बाद शव की शिनाख्त तुलसी के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने घटना की सूचना महिला के परिजनों को दी। हल्द्वानी पहुंचने के बाद पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



## बीमा सेटलमेंट के नाम पर युवक से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन ठगी के गिरोह ने बीमा पॉलिसी के सेटलमेंट के नाम पर एक युवक से लाखों रूपये हड़प लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हाथीखाल, नैनीताल रोड निवासी पीड़ित आशीष पुत्र वेद प्रकाश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वर्ष 2015 में उन्होंने बीमा पॉलिसी कराई थी। दो किस्तें जमा करने के बाद बॉन्ड न मिलने पर किस्तें बंद कर दीं। पिछले वर्ष 20 दिसंबर को दीपक पासवान नामक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि वह आईजीएमएस डिपार्टमेंट से बोल रहा है और उनकी पॉलिसी का सेटलमेंट हो रहा है। पॉलिसी की कुल रकम 6.55 लाख रुपये हो गई है और ड्यूज केवल 15,004 रुपये हैं। जालसाज ने रकम जमा करने पर पॉलिसी का पैसा खाते में आने का भरोसा दिलाया। ठगों के विश्वास में आकर आशीष ने उसके बताए खाते में रुपए जमा कर दिए। उसने बताया कि इसके बाद लगातार अलग-अलग व्यक्तियों आदेश, संजय आदि ने अलग-अलग नंबरों से कॉल की और मेल के जरिए पॉलिसी की रकम बढ़ने की सूचना भेजते रहे। मेल में बताया गया कि पॉलिसी की रकम क्रमशः 8.04 लाख, 9.39 लाख, 11.24 लाख, 15.42 लाख, 16.39 लाख, 19.64 लाख और 25.94 लाख रुपये हो गई है। जिसके बाद ठगों ने हर बार रकम पाने के लिए नई किश्तें जमा करने को कहा गया, और धीरे-धीरे आशीष ने एनईएफटी और गूगल पे से अलग-अलग खातों में 12.50 लाख रुपये डाल दिए। जब समय बीतता गया और पैसे वापस नहीं आए तो आशीष को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर सेल में तहरीर सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# खांटी कांग्रेसियों को ही जिम्मेदारी देगी कांग्रेसः अजय सिंह यादव

## उत्तराखंड में शुरू हुआ संगठन सृजन अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अब जमीनी स्तर के नेताओं का बागडोर सौंपने का मन बनाया है। इसके लिए गुजरात, हरियाणा के बाद अब उत्तराखंड में संगठन सृजन का काम शुरू हो गया है। अब ब्लाक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर परअध्यक्ष किसी गुट विशेष के न होकर कांग्रेस के प्रति समर्पित लोगों को बनाया जाएगा। यह बात ओबीसी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री अजय सिंह यादव ने कहीं। गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में ओबीसी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री अजय सिहं यादव के पहुं. चने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। हल्द्वानी कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर ओबीसी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री अजय सिहं यादव ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान के बाद देश भर में कांग्रेस के ब्लाक से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जमीन से जुड़े हुए बनाए जाएंगे। अब पार्टी में ब्लाक, महानगर, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी पूरी प्रक्रिया से होगी। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के भीतर किसी गुट या विशेष का अध्यक्ष बनने का रास्ता जाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए वे सप्ताह भर हल्द्वानी में रूकने वाले हैं। वे ब्लाक, विस महानगर एवं जिलाध्यक्ष के लिए छह छह लोगों का पैनल बनाएंगे। इसके बाद एसआईसी इसमें से दो लोगों का नाम चयन करेगी और इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एक नाम पर हरी झंडी देंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति, आर्थिक नीति और राज्यों के प्रति भेदभाव की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का पर्दाफाश हो गया है। अब आम जनता मोदी से वोट चोर गद्दी छोड़ने का नारा लगाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विहार की एक सभा में राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव के जाने के बाद भाजपा के एक कार्यकर्ता ने पहले से तय कार्यक्रम के तहत मोदी जी की मां को गाली थी। अब लोग जगह-जगह भाजपा की थू-थू करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अभी तक हिमाचल, उत्तरखंड एवं जम्मू कश्मीर की आपदा में मारे गए लोगों के प्रति शोक तक व्यक्त नहीं किया। पत्रकार वार्ता में विधायक सुमित हृदयेश, राहुल छिम्वाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, राजेंद्र सिंह जीना, गोविंद विष्ट, खजान पांडेय, भोला भट्ट, हेमंत बगडवाल समेत तमाम नेता मौजूद थे।



# कुमाऊंनी लोगों के अपमान पर भड़की यूकेडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊंनी लोगों का अपमान करने वाले यूट्यूबर के खिलाफ यूकेडी ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को यूकेडी ने अपमान करने वाले युवक के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर अपलोड वीडियो डिलीट करने और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पहुंचे उत्तराखंड क्रान्ति दल के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान का कहना था कि एक फेसबुक यूजर ने एक ऑडियो-वीडियो तैयार कर कुमाउंनियों के विषय में आपत्तिजनक पोस्ट की है। पोस्ट में व्यक्ति ने अपना व उसकी सात पुश्तों का संबंध हल्द्वानी से होने का दावा करते हुए कुमाउंनी संस्कृति, परंपरा और पृष्ठभूमि के लोगों के लोगों के बारे में सार्वजनिक रूप से अपमान जनक कथन कहे हैं। फेसबुक यूजर ने कुमाउंनियों को चुनौती देकर कुमाउनियों के इतिहास को चुनौती दी है। ये आराध्य देव गोलज्यू, कुलदेवी जियारानी, माता नन्दा-सुनन्दा का अपमान है। यूकेडी ने मांग करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति को चिह्वित करते मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। साथ ही उक्त वीडियो को इंटरनेट से हटाया जाए। तहरीर देने वालों में यूकेडी जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, भुवन जोशी, मोहन सिंह, एमसी पंत, मदन सिंह मेर, बची सिंह बिष्ट, कैलाश जोशी, प्रकाश जोशी, सुरेश जोशी, रोहित, खड़क सिंह बगड़वाल, नरेंद्र कुमार पांडेय, गोविंद सिंह मौजूद रहे।

# धैर्य की परीक्षा न ले प्रबंधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा हल्द्वानी द्वारा वेतन भुगतान की मांग को लेकर चल रहा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन गुरूवार चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन क्षेत्रीय प्रबंधन समिति के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने दो माह से लंबित वेतन के भुगतान की मांग को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप ले सकता है। क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कर्मचारियों की अनदेखी अब और नहीं सहेगा परिषद। प्रशासन और प्रबंधन को चेताया जाता है कि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो रोडवेज संचालन भी बाधित हो सकता है। प्रदर्शन में आन सिंह जीना, सुरेंद्र सिंह रावत, तारा देवी, भुवन सिंह जीना, शबाब अली, कौशल जोशी, राजीव भट्ट, अनंत अग्रवाल, गिरीश दानी, नंदी देवी, मीना जोशी, भास्करानंद मिश्रा, अमित कुमार सिंह, चंदन डंगवाल, सुधीर भटनागर, जोगिंदर प्रसाद, सरोजिनी भट्ट, केएन तिवारी, अबरार अहमद, कारण कुमार, धर्मवीर मौजूद रहे।



# यूओयू में 'थोड़ा' और 'बिस्सू' पर्व पर व्याख्यान

## डिजिटल संरक्षण और एथनो-टूरिज्म को बढ़ावा देने पर ज़ोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (सीका) के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को जौनसार क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति और उत्सव' विषय पर एक विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध नृविज्ञानी, शोधकर्ता और लेखिका प्रो. अंजली चौहान अध्यक्ष नृविज्ञान विभाग जय नारायण पीजी कॉलेज, लखनऊ मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान प्रो. अंजली चौहान ने कहा कि जौनसार-बावर क्षेत्र के पारंपरिक पर्व बिस्सू और योद्धाओं का खेल थोड़ा-द गेम ऑफ़-द वारियर्स केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज की कृषि परंपरा, जीवन-शैली और सामाजिक संरचना की गहरी समझ प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि बिस्सू पर्व एक फसल उत्सव है, जिसे बैसाखी के अवसर पर पांच दिनों तक मनाया जाता है। प्रो. चौहान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अमेरिका, कनाडा, यूके, चीन, भूटान और श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और उनकी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्रों में भारतीय जनजातीय जीवन और संस्कृति को विश्लेषित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि भारत विशेषकर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विविधता को छात्रों तक पहुंचाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने जौनसार और हिमालयी क्षेत्रों की विशिष्ट सांस्कृतिक धरोहर को पाठ्यक्रमों में समाहित करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. एमएम जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे, प्रो. रेनू प्रकाश, राकेश रायाल, प्रो. शशांक शुक्ला, प्रो. मंजरी अग्रवाल, डा. लता जोशी, डा. आरुषि, डा. भाग्यश्री जोशी, डा. भूपेन सिंह आदि शामिल थे।



# जनता की सुरक्षा प्राथमिकताः राठौड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** जनता की सुरक्षा और समस्याओं का समाधान के लिए गुरूवार को भीमताल थानाध्यक्ष संजीत राठौड़ की अध्यक्षता में एक संवादात्मक गोष्ठी का आयोजन किया गया, और साथ ही साइबर क्राइम व नशे के खिलाफ भी जागरूक किया गया। इस गोष्ठी का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को समझना और उन्हें पुलिस के साथ जुड़ाव का अनुभव कराना था। जनता संवाद गोष्ठी में थानाध्यक्ष राठौड़ ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए उनकी स्थानीय समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही पुलिस द्वारा उठाए जा रहे सुरक्षा संबंधी कदमों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की और लोगों को जागरूक किया कि कैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग जैसे खतरों से सतर्क रहें। इसके अलावा, नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया और युवाओं को इससे दूर रहने की प्रेरणा दी गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, परिवार और समाज को भी कमजोर करता है।

# हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** माँ नंदा-सुनंदा दिव्य ज्योति महोत्सव के अवसर पर जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा गुरूवार को हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में जूनियर एवं सीनियर पुरुष/महिला फाइव-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग की छह तथा सीनियर वर्ग की चार टीमों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ट्रेनीज की टीम ने हॉकी योद्धा को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि हॉकी हीरोज की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भट्ट स्ट्राइकर्स, अंकुश हीरोज, जीना डिफेंडर्स और विनय अटैकर्स की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच भट्ट स्ट्राइकर्स और जीना डिफेंडर्स के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद भट्ट स्ट्राइकर्स ने 4-3 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं जीना डिफेंडर्स को रजत पदक और विनय अटैकर्स को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। हॉकी मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय धावक एवं सेवा. निवृत्त उपनिदेशक खेल सुरेश चंद पांडे ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हॉकी कोच गोविंद लटवाल, निलेश गुप्ता, मोहित चौधरी, रितिक रावत, दिव्यांश गंगवार, आदित्य एवं भूपेंद्र कोश्यारी ने निभाई। इस मौके पर आयोजन सचिव एवं उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, तनुजा आर्य, किरण मौर्य शामिल रहे।



## कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान क तहत मुखानी पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके पास से 51 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में एसआई नरेन्द्र कुमार मय टीम के साथ चारधाम मंदिर से आगे लामाचौड़ की ओर चें. कंग कर रहे थे तभी एक संदिग्ध युवक को रोका गया। पूछताछ और तलाशी में उसके पास से 51 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम सोनू गिहार पुत्र प्रीतम निवासी कोटाबाग कालाढूंगी बताया। पुलिस आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय मं पेश करने की तैयारी कर रही है।

# मोहम्मद जुबेर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

## नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम में महापौर गजराज बिष्ट करेंगे शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्व. मोहम्मद जुबेर मेमो. रियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कल यानि आज 5 सितम्बर से नगर निगम इंटर कॉलेज मैदान काठगोदाम में शुरू होने जा रहा है। कुमाऊँ व यूपी की 20 टीमे प्रतिभाग कर रही है। टूर्नामेंट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। यह बात फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन हरीश चन्द्र पांडे ने कहीं। गुरूवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए टूर्नामेंट के आयोजक हरीश चन्द्र पांडे ने बताया कि स्व. मोहम्मद जुबेर लखनऊ स्पोर्ट्स क्लब के कोच रहे थे और उन्होंने जीवन भर गरीब एवं जरूरतमंद युवाओं को फुटबॉल के माध्यम से सशक्त बनाने का कार्य किया। उन्होंने एक फुटबॉल अकादमी की स्थापना कर युवाओं को प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप आज उनके कई शिष्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हीं की याद में नगर निगम इंटर कॉलेज में स्व. मोहम्मद जुबेर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कल यानि आज 5 सितंबर को दोपहर तीन बजे से शुरू होगा और टूर्नामेंट का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा किया जायेगा। जबकि टूर्नामेंट का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण से किया जायेगा। हरीश चन्द्र पांडे ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मुरादाबाद, बागेश्वर, पीलीभीत सहित उत्तर भारत के कई जिलों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। पत्रकार वार्ता में अरुण कुमार टम्टा, अधिवक्ता कुंदन बिष्ट, सागर चंद, मोहम्मद जिदान, दीक्षित बिष्ट, मिथिलेश जोशी मौजूद है।



# हेम व हरीश की जोड़ी ने ट्राफी कब्जाई

## एमएस कुंवर मेमोरियल उत्तराखंड स्टेट ओपन टेनिस टूर्नामेंट का डबल्स इवेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी की ओर से देहरादून में आयोजित चौथे एमएस कुंवर मेमोरियल उत्तराखंड स्टेट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के डबल्स इवेंट के मैच में हल्द्वानी के हेम कुमार पांडेय व हरीश प्रसाद ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर देहरादून के एचएस बिष्ट व एसपी सिंह की जोड़ी को 7-3 से पराजित कर खिताबी ट्राफी अपने नाम की। वहीं अंडर-10 आयु वर्ग बालक सिंगल्स इवेंट में अथर्व चौधरी ने अरिंदम पवार को 5-0 व शिवांश रावत ने प्रखर को 5-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-12 आयु वर्ग बालक सिंगल्स इवेंट में शिवांग रावत ने प्रिंस को 4-1 से और वेदांत गुप्ता ने अथर्व चौधरी को 4-2 से हराकर कर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 आयु वर्ग बालक सिंगल्स इवेंट में आनंद विजय ने आदित्य नेगी को 5-3 से व वेदांत गुप्ता ने चिन्मय को 5-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बालिका सिंगल्स इवेंट में सेहर ने आराध्या पांडेय को 4-1 व वृंदा ने ईशाना पालीवाल को 4-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-16 आयु वर्ग बालक सिंगल्स इवेंट में जसकीरत सिंह ने शौर्य जलान को 6-0 से व आरूष मंगल ने सात्विक को 6-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-18 आयु वर्ग बालिका सिंगल्स इवेंट मैच में राजसी पाल ने आन्या को 4-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाने में सफलता प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, 45 आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में हल्द्वानी फारेस्ट डिपार्टमेंट में कार्यरत डीएस बिष्ट ने देहरादून के त्रिदीप सजवाण को एक तरफा मुकाबले में 6-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टूर्नामेंट डायरेक्टर अविनाश कुंवर ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर साल की तरह उत्तरांचल टेनिस एसोसिएशन देहरादून के तत्वावधान में स्पोर्टस का प्लेक्स परेड ग्राउंड के टेनिस कोर्ट पर आयोजित होता है, चूंकि लगातार विगत 3 दिनों से राजधानी देहरादून में तेज बारिश होने के कारण प्रतियोगिता के मैच विलंब से समाप्त होने की संभावना है।




## निर्मला बनीं आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी निवासी निर्मला चौहान सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा। हल्द्वानी की रहने वाली निर्मला चौहान कल्याणी स्वंय सहायता समूह की अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने जीवन में कुछ अलग करने का संकल्प लिया। राज्य सरकार द्वारा संचालित रीप परियोजना के माध्यम से उन्हें 22,500 रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस मदद से निर्मला ने अपने ही घर पर वैभवी प्राफेशनल मेकअप स्टूडियों के नाम से एक सैलून व ब्यूटी पार्लर की शुरुआत की। उन्होंने इसमें सभी जरूरी मशीनें लगाई और अपने व्यवसाय को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया। आज निर्मला न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर बनी है, बल्कि उन्होंने दो अन्य महिलाओं को भी रोजगार देकर उनकी जिंदगी संवार दी है। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि अब वे इस काम से अच्छी आमदनी कमा रही हैं।

# ग्रामीणों का धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागजाला गांव के ग्रामीणों द्वारा भूमि के मालिकाना अधिकार, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा की बागजाला कमेटी के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 18वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर आज मुख्य वकता के रूप में वरिष्ठ किसान नेता आनन्द सिंह सिजवाली ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि, धामी सरकार गरीब विरोधी है। यह सरकार खुद अधिकार नहीं देती, गरीबों को अपना हक लड़कर ही लेना पड़ता है। पूर्व प्रधानाचार्य गणेश राम ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा, राज्य सरकार ने बागजाला गांव को पंचायत के बुनियादी अधिकारों से वंचित कर दिया है। हमें न सिर्फ अपने मालिकाना हक, बल्कि पंचायत प्रतिनिधि चुनने का अधिकार भी छीन लिया गया है। धरने में आनन्द सिंह नेगी, गणेश राम, विमला रौथाण, निर्मला शाही, दान सिंह मेहरा, कमल जोशी, डा. उर्मिला रैक्वाल, विमला देवी, हेमा देवी, डा. कैलाश पाण्डेय, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, उमा देवी, आशा, नसीम अहमद, जीवंती, सरोज, बैजन्ती, नरेंद्र सिंह बिष्ट, एमएस मलिक, पुष्पा, चंपा, दिनेश चन्द्र, अंबा दत्त, मन्नू देवी, शकुन्तला, तुलसी, मुस्लिमा, समीर मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेस की रायशुमारी में जमकर हुई मारपीट

- नाजारा देखकर देहरादून से पहुंचे पर्यवेक्षक रह गए भौंचक्के
- कांग्रेसी नेता राजेन्द्र मिश्रा की बिगड़ी तबियत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महानगर अध्यक्ष के चयन को लेकर सिटी क्लब में बुलाई गई कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी। पर्यवेक्षक सामने कांग्रेस के दो गुटों में टकराव हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। मारपीट में कुछ कार्यकर्ताओं के चोटिल होने की खबर है। कांग्रेस के एक नेता को मारपीट के बाद अस्पताल भर्ती कराना पड़ा।



जानकारी के मुताबिक सिटी क्लब में महानगर अध्यक्ष के चयन को लेकर राय शुमारी बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें दिल्ली से ऑल इंडिया कांग्रेस के नरेश कुमार के अलावा देहरादून से भी पर्यवेक्षक पहुंचे थे। बैठक की शुरूआत में वरिष्ठ नेताओं के स्वागत सम्मान का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान मंच पर बैठने को लेकर कांग्रेस के दो गुटों में नोंक झोंक शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद गाली गालौच और हाथापाई तक पहुंच गया। महानगर अध्यक्ष पद के दावेदार संजय जुनेजा और मौजूदा महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पक्ष के लोग पर्यवेक्षकों के सामने ही आमने सामने आ गए और दोनों पक्षों में टकराव शुरू हो गया। आरोप प्रत्यारोपों के बीच दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। इस दौरान कई कार्यकर्ता चोटिल हो गए। हंगामे और मारपीट के बीच कांग्रेस नेता राजेन्द्र मिश्रा भी घायल हो गए। मारपीट की शिकायत के बाद राजेन्द्र मिश्रा अन्य कांग्रेसियों के साथ शिकायत करने के लिए आदर्श कालोनी चौकी पहुंच गए। बताया जाता है कि चौकी में वार्तालाप चल ही रहा था कि इसी बीच अचानक राजेन्द्र मिश्रा की तबियत तेजी से बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। मौके पर मौजूद कांग्रेसी उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि राजेन्द्र मिश्रा को दौरा पड़ा है। उधर दूसरे गुट के कांग्रेसी राजेन्द्र मिश्रा की तबियत बिगड़ने का कारण मारपीट बता रहे हैं। कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हुई मारपीट का मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है। मामले में दोनों गुट एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे।

## जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के इशारे पर हुई गुंडागर्दीः खेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस की आंतरिक खींचतान अब खुले टकराव में बदल गई है। मेयर पद का चुनाव लड़ चुके कांग्रेस नेता मोहन लाल खेड़ा ने जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों पदाधिकारी अपनी कुर्सी बचाने के लिए गुंडागर्दी पर उतर आए हैं।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि नगर अध्यक्ष ने कांग्रेस की रायशुमारी बैठक में बाहर से गुंडे बुलाए और उनके इशारे पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मिश्रा की बेरहमी से पिटाई कराई। यही नहीं, गुंडों ने मिश्रा को उठाकर गाड़ी में ले जाने का प्रयास भी किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के कड़े विरोध के चलते वे इसमें सपफल नहीं हो पाए। मोहन लाल खेड़ा ने सापफ कहा कि इस पूरी घटना के दौरान दिल्ली और देहराद. ून से आए पर्यवेक्षक भी मौजूद थे, जिनके सामने जिला और महानगर अध्यक्ष की ओर से यह गुंडागर्दी की गई। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस आलाकमान को तत्काल प्रभाव से जिला और महानगर अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित करना चाहिए।इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और खुलकर सामने आ गई है। कार्यकर्ता अब यह सवाल उठा रहे हैं कि जब नेताओं की बैठक में ही गुंडागर्दी और मारपीट होगी, तो जनता के बीच पार्टी किस नैतिकता के साथ जाएगा।



## एक नजर

### सीमांत खेलड़िया गांव में हाथियों ने रौंदी फसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा पर विगत कई दिनों से हाथियों का आतंक बना हुआ है। हाथियां आए दिन किसानों की फसलों को बर्बाद कर रही हैं व आतंक मचा रखा है।



नेपाल सीमा से सटे खेलड़िया गांव में हाथियों ने बंटाईदारों चंदन सिंह पुत्र बहादुर सिंह, चंदन सिंह पुत्र जसवंत सिंह, अनिरुद्ध पुत्र रामप्रीत, नंदू, उद्धव तथा गो. विंद आदि की गन्ने व धान की फसलों को बुरी तरह रौंद कर चौपट कर दिया है। किसान एक तरफ जहां आवारा पशुओं से परेशान हैं। दिन-रात निगरानी के बाद भी आवारा पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं। वहीं अभी आई अतिवृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है तो वहीं सीमा पर स्थित गांव में हाथियों के चहलकदमी से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। हाथियों ने किसानों की फसलों को रौंदकर पूरी तरह चौपट कर दिया है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें झलक रही है। किसान काफी परेशान है। वहीं किसान वन विभाग व प्रशासन से हाथियों के आतंक से फसलों को बचाने व हुए नुकसान का मुआवजा देने की गुहार लगा रहे हैं।

**अतिवृष्टि, आवारा पशु तथा हाथियों के आतंक ने तोड़ी किसानों की कमर**

### मूर्ति विसर्जन करते समय डूबे दोनों भाइयों के मिले शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मूर्ति विसर्जन करते समय गंगा नदी में डूबे सगे भाइयों में से भारी मशक्कत के बाद तीसरे दिन टीम को दोनों भाइयों की लाश मिलने में सफलता प्राप्त हुई है।



यहां बता दे कि गत मंगलवार को मोहल्ला नत्थासिंह निवासी धर्मेंद्र कुमार और बिजेंद्र कुमार पुत्र करन सिंह मोहल्ले के लोगों संग गणेश प्रतिमा को लेकर विसर्जित करने को भूतपुरी, अफजलगढ़ की रामगंगा नदी में उतरे थे। प्रतिमा विर्सजन के दौरान गहरे गड्ढे में जाने पर दोनों भाई बह गए। मंगलवार को देर शाम तक उनकी खोजबीन चलती रही तथा बुधवार को भी सुबह से ही उनको फिर से तलाशा गया। परन्तु सफलता नहीं मिली थी। आज गुरुवार सुबह 6:00 बजे से फिर से एनडीआरएफ की टीमों ने फिर से तलाश शुरू की थी। साथ ही स्थानीय गौताखोरों की मदद भी ली गई। कड़ी मशक्क्त के बाद टीमों को सफलता हाथ लगी। बताया जा रहा है कि बड़े भाई धर्मेंद्र की लाश को बरामद कर लिया। इसके बाद टीम ने तलाश जारी रखते हुए दूसरे भाई का शव भी बरामद कर लिया।

### क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** नगर के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक उत्तराखंड के कृषि एवं पर्यटन रहा इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में प्रदेश की कृषि पर्यावरण पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डा. विद्या शंकर शर्मा द्वारा किया गया।



गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता में कुल छह टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें लगभग 12 छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रारूप में थे सभी प्रतियोगियों ने प्रतियोगिता में उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। क्विज के परिणाम में टीम ए जिसमें जसपाल सिंह एवं जसवीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि टीम वी जिसमें उदय राज तिवारी तथा कृपाल सिंह व टीम ए जिसने सुखविंदर सिंह और गुरदेव सिंह ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संच. ालन अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ निशा परवीन द्वारा किया गया, प्रभारी प्राचार्य डॉ विद्या शंकर शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साहबर्धन करते हुए ऐसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया गया प्रतियोगिता के कुशल संपादन हेतु महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग का सहयोग व उपस्थिति रही।

### होली चाइल्ड स्कूल में हुआ शिक्षक दिवस समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के सम्मान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन को सभी शिक्षकों व छात्रों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात् बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया जिसमें मनमोहक गीत, उर्जावान नृत्य, मनोरंजक नाटक, भावपूर्ण कविता पाठ तथा रोचक खेल शामिल थे। शिक्षकों ने भी कविता पाठ व अपने संदेशों के माध्यम से बच्चों का माार्गदर्शन किया।




विद्यालय के कक्षा-8 के छात्र अंशदीप सिंह ने शिक्षकों के चित्र बनाए जिससे सभी शिक्षकों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन व प्रयासों की सरहाना की तथा सभी शिक्षकों व छात्रों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सबको डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जीवन के आदर्शों का पालन करना चाहिए तथा बच्चों को अपने माता-पिता व गुरू का कहना मानना चाहिए।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा आठ सितम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक भर्ती परीक्षा 8 सितंबर को सोमवार को सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि गढ़वाल मण्डल के अभ्यर्थियों के लिए देहरादून एवं कुमाऊँ मण्डल के अभ्यर्थियों के लिए हल्द्वानी शहर में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र एवं अनुक्रमांक पूर्ववत् रहेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को दोबारा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की आवश्यकता नही है। उन्होंने परीक्षार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पर 8 सितंबर को परीक्षा देने पहुंचे।



# अवैध कच्ची शराब व्यवसायियों का फलता-फूलता कारोबार

- नहीं है प्रशासन का भय, रोज लगी रहती है लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** टेढाघाट बरी अंजनिया में अवैध कच्ची शराब बेचने वालों की दुकान खूब फल-फूल रही हैं।

टेढ़ाघाट में भगवान शिव मंदिर के बगल में दो घरों में अवैध कच्ची शराब बेधड़क और बेखौफ बेची जा रही है।

पूरा दिन शराब खरीदने व पीने वालों की लाइन लगी रहती है। इसके साथ ही शराब बेचने वाले अपने घरों में बिठाकर शराब पिलाने का धंधा जोरो पर कर रहे हैं। वहीं इनके घरों में दिन ढ़लते ही शराबियों की लाईन लगी रहती है। शाम के समय शराबियों के कारण यहां के आसपास का माहौल काफी अफरा-तफरी भरा रहता है।

वहीं कच्ची शराब पीकर कई लोग जान गवां बैठे हैं और कई लोगों के परिवार तबाह हो चुके हैं। एक तरफ सरकार नशा उन्मूलन अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक कर रही है।

वहीं प्रशासन भी लगातार छापेमारी कर शराब विक्रेताओं को धर-पकड़ कर उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। इसके बाद भी बेखौफ कच्ची शराब माफियाओं के हौसले बुलंद है और खुलेआम अवैध कच्ची शराब बेच रहे हैं।

# डीएम से मिले एयरपोर्ट विस्तारीकरण से प्रभावित परिवार

- महापौर और पूर्व विधायक ने पखी परिवारों की पीड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पंतनगर एयरपोर्ट के किए जा रहे विस्तारीकरण प्रक्रिया के तहत क्षेत्रा में चिन्हीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिस कारण यहां लगभग आठ सौ परिवारों के उजड़ने का खतरा मंडराने लगा है।

अपने आशियाने को उजड़ने से बचाने के लिए पंतनगर के सैकड़ों प्रभावित लोगों ने मेयर विकास शर्मा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला. धिकारी नितिन भदौरिया से मुलाक. ात कर उनके समक्ष अपनी समक्ष समस्या रखी।



जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए मेयर विकास शर्मा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि राज्य के विकास की कड़ी में पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारी करण का कार्य किया जा रहा है। इस क्षेत्र की जद में लगभग आठ सौ परिवार आ रहे हैं। यदि इन्हे अभी उजाड़ दिया गया तो इनके समक्ष आवास, रोजी रोटी, भोजन सहित कई मूलभूत समस्याएं आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रभावित परिवारों को हटाने से पहले इनके लिए आवास की कोई समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि यह परिवार अपने बच्चों के साथ जीवन यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य आवास योजनाओं के तहत भूमि का चयन कर आवास बनाकर दिए जाएं। श्री शर्मा व श्री शुक्ला ने कहा कि वह दोनों इस सन्दर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी से भी मिलकर उनसे समस्या का न्यायोचित समाधान करने का आग्रह करेंगे।

प्रभावित परिवारों का कहना है कि वह पिछले करीब पांच से छह दशकों से यहां निवास करते आ रहे हैं। आज परिवार में छोटे छोटे बच्चे हैं। यदि उन्हें उजाड़ दिया गया तो पूरे परिवार का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह प्रभावित परिवारों के हित के लिए अवश्य कोई कदम उठाते हुए अपने स्तर से भी रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे, ताकि परिवारों के समक्ष परेशानी न हो।

# जनसंख्या के आधार पर बनाई जाएंगी पेयजल योजनाएंः भट्ट

- जिला जल एवं स्वच्छता समिति की सांसद ने बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा 636.14 करोड़ की लागत से महानगर रुद्रपुर, काशीपुर व नगर निकाय सितारगंज पेयजल योजना निर्माण हेतु स्वीकृत/अनुमोदित की गयी। जिससे तीन लाख 33 हजार 586 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

उत्तराखण्ड शहरी क्षेत्र विकास एजेन्सी (यूयूएसडीए) शहरी विकास विभाग द्वारा वाह्य सहायतित पेयजल आपूर्ति योजना के अन्तर्गत रुद्रपुर पेयजल परियोजना लागत 293.41 करोड़, काशीपुर पेयजल परियोजना 261. 83 करोड़ व सितारगंज पेयजल परियोजना हेतु 80.90 करोड़ अनुमोदित किए गए। सभी पेयजल योजनाएं शहरों की 2057 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर बनाई जाएंगी। महानगर रुद्रपुर पेयजल परियोजना की लागत 293. 41 करोड़ से 26 वार्ड आच्छादित किए जाएंगे, जिसमे 10 पेयजल टैंक, 23 नलकूप निर्माण के साथ ही 536 किमी पाईप लाइन बिछायी जाएगी जिससे 01 लाख 58 हजार 798 जनसंख्या लाभान्वित होगी। इसी तरह काशीपुर पेयजल परियोजना में 261.83 करोड़ की लागत से 32 वार्डो में 10 पेयजल टैंक, 14 नलकूप निर्माण व 457 किमी पेयजल लाइन बिछायी जायेगी जिससे 01 लाख 32 हजार 143 जनसंख्या लाभान्वित होगी। जबकि सितारगंज पेयजल परियोजना में 80.90 करोड़ की लागत से 13 वार्डो में 04 पेयजल टैंक, 05 नलकूप निर्माण सहित 146.38 किमी पाईप लाइन बिछायी जाएगी जिससे 42 हजार 645 जनसंख्या लाभान्वित होगी।



किच्छा नगरीय क्षेत्र में एशियन डप्लपमेंट बैंक के माध्यम से 04 सौ करोड़ की पेयजल योजना निर्माणाधीन है। जिसके कार्यो की समिति द्वारा समीक्षा की गयी। निर्माण संस्था पेयजल निर्माण निगम के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पेयजल परियोजना कार्य प्रगति पर है, जिससे 2100 परिवारों को पेयजल संयोजन दिया जायेगा। परियोजना कार्य मार्च 2028 तक पूर्ण किया जाएगा।

सांसद भट्ट ने जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करने व पेयजल लाईन बिछाने में क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत भी कराने के निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि सभी को शुद्ध व सुचारू पेयजल उपलब्ध कराना भारत सरकार व राज्य सरकार की प्राथमिकता है इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त भी किया।

उन्होंने नगर निकाय दिनेशपुर, सुल्तानपुर, लालपुर, केलाखेड़ा, गूलरभोजन, बाजपुर, गदरपुर, जसपुर, नगला आदि हेतु भी पेयजल परियोजना का सर्वे कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

महापौर काशीपुर दीपक बाली ने कहा कि कांटेक्टर को टेण्डर में कन्डीशन होनी चाहिए कि पानी की पाईप लाइन डालने के बाद टूटी सड़क को तुरन्त मरम्मत करें एवं जिस जोन में कार्य पूर्ण होने पर सड़क मरम्मत होने के बाद कार्य पूर्ण का नगर निगम से प्रमाण पत्र भी आवश्य लिया जाये।

बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी, महापौर विकास शर्मा, दीपक बाली, विधायक तिलकराज बेहड़, चेयरमैन मनोज गुम्बर, गुरजीत सिंह, सतीश चुघ, सुमित मण्डल, समिति सदस्य अमित नारंग, अभिषेक सक्सेना, नगर आयुक्त काशीपुर रविन्द्र बिष्ट, उप नगर आयुक्त रुद्रपुर शिप्रा जोशी, सीएमओ डा. केके अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम मृदुला सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर यूयूएसडीए अंकित आर्य, संजय तिवारी, कुलदीप कुमार, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम पीएन चौधरी, अजय कुमार,सुनील जोशी, जलसंस्थान तरूण शर्मा, अजय कुमार, मनोज कुमार गंगवार सहित अनेक अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित थे।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर मेयर ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नैनीताल हाईवे के चौड़ीकरण की प्रस्तावित योजना को लेकर महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम की टीम के साथ इंदिरा चौक से लेकर डीडी चौक तक सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने नगर निगम की टीम को सड़क चौडीकरण की जद में आ रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर और सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने सड़क चौड़ीकरण के लिए इंदिरा चोक से लेकर डीडी चौक तक सड़क के दोंनों ओर स्थति का बारीकी से अवलोकन किया। महापौर ने नगर निगम की टीम को सड़क चौड़ीकरण के लिए जगह खाली कराने के निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि शहर में मुख्य मार्ग को जाम से निजात दिलाने के लिए इंदिरा चौक से लेकर अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया है।

# हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** निर्मल नगर से आ रहे ई रिक्शा को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सितारगंज के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



टैगोर नगर निवासी शैलेंद्र हालदार 60 वर्ष बुधवार दिन को अपने ई रिक्शा लेकर निर्मल नगर से शक्ति फार्म बाजार आ रहा था। ई रिक्शा में निर्मल नगर निवासी महिला रितु ढाली सवार थी। निर्मल नगर पेट्रोल पंप के निकट जयनगर रोड से आ रही कार ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा चालक शैलेंद्र और महिला घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल शैलेंद्र को स्थानीय चिकित्सालय ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए स्वजन उसे सितारगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां शाम को शैलेंद्र की मौत हो गई। महिला भी सितारगंज के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी ले आए। इधर परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है।

# खकरा ने न्यू शारदा देवहा पोषक का बांध तोड़ हल्दी घेरा क्षेत्र में मचाई तबाही

- हजारों एकड़ में खड़ी धान की फसल बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ऐंठा, खकरा व मुकरान नाले का पानी खकरा में मिलकर यूपी व उससे लगे उत्तराखंड के ग्रामों में तबाही मचाने लगा है। हल्दी घेरा, गुर्जर बस्ती, रघुलिया, बनगवां, सरपुडा के किसानों की मानें तो उनके खेतों में खकरा नदी व न्यू शारदा देवहा पोषक नहर का पानी संयुक्त रूप से तबाही मचाने लगा है।

हल्दी घेरा के ग्रामीण बताते हैं कि खटीमा की ओर से आने वाला खकरा नदी का पानी साइफन से बाहर निकालने के बजाय न्यू शारदा देवहा पोषक (नहर) के बंधे से टकराता है। पानी का बहाव इतना तेज है कि वह नहर की साइड वॉल तोड़कर हल्दी घेरा, गुर्जर बस्ती, पोलीगंज, रघुलिया, टांडा कॉलोनी, सरपुड़ा, बनगवां में फैल कर हजारों एकड़ में खड़ी धान की फसल को बर्बाद करता हुआ यूपी सीमा के ग्राम पकरिया, न्यूरिया आदि ग्रामों की ओर जाने लगा है।

हल्दी घेरा व उसके आस-पास के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन इसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। बारिश बंद होने के बाद भी हल्दी घेरा क्षेत्र में खकरा व देवहा पोषक नहर का पानी धान की फसल को रौदता हुआ यूपी की ओर जा रहा है।

### यूपी एवं उत्तराखंड सिंचाई विभाग के अधिकारी को अवगत कराया जाएगा

**खटीमा।** खकरा नदी व न्यू शारदा देवहा पोषक के उफान से जलमग्न हल्दी घेरा, गुर्जर बस्ती, रघुलिया, वनगवां, पोलीगंज का मामला उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग एवं सिंचाई विभाग उत्तराखंड का है। किसानों की फसल के नुकशान एवं भूख्रकटाव का गंभीर मामला है। इस संबंध में संबंधित विभागाधिकारियों को सूचित कर समाधान कराया जाएगा।

**वीरेन्द्र सिंह सजवाण, तहसीलदार खटीमा**

### स्थलीय निरीक्षण कर यूपी सिंचाई विभाग को जानकारी देंगे

**खटीमा।** न्यू शारदा देवहा पोषक पर बना साइफन का मामला उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग का है। ऐठा, खकरा, व मुकरान नाले की बाढ़ का पानी खकरा नदी के रूप में चांदा, भूरड़िया जंगल से यूपी की ओर जाता है। यह पानी न्यू शारदा देवहा पोषक पर बने साइफन से आगे बहता है। यूपी से लगे उत्तराखंड सीमा के ग्रामों के किसानों को हो रहे नुकसान से उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। **आनन्द सिंह नेगी, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग खटीमा सितारगंज।**

### बाढ़ में फसल गंवाने वाले किसान

हरीश चन्द्र सिंह, देशराज सिंह, राजेन्द्र सिंह, मलकीत सिंह, मनजीत सिंह, सतनाम सिंह, असरजीत कौर,मक्खन सिंह, सरबन सिंह, बचन सिंह, नवीन थापा, मनदीप सिंह, मनजीत सिंह आदि सम्मिलित है।

## शिक्षक दिवस पर आचार्य बंधु सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र उपरांत शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सिंह बोरा एवं आचार्य बंधु ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन आचार्य गिरीश जोशी ने किया। इस दौरान शिक्षक एवं बच्चों ने शिक्षक दिवस पर विचार व्यक्त किए। यहां मुख्य वक्ता पूनम बिष्ट, आचार्य धर्मपाल, घनश्याम अग्रवाल , प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा आदि थे।



समस्त क्षेत्रवासियों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक शुभकामनाएं



नूर अहमद
पूर्व वाइस चेयरमैन
पूर्व पार्षद- नगर निगम रुद्रपुर

विक्की अंसारी (उर्फ अजमी)
पार्षद
वार्ड-18 नगर निगम, रुद्रपुर



इरशाद अंसारी
पार्षद प्रतिनिधि- वार्ड-18 नगर निगम, रुद्रपुर



समस्त क्षेत्रवासियों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की हार्दिक शुभकामनाएं

सलीम खान

प्रदेश मंत्री- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा-उत्तराखण्ड
वरिष्ठ समाजसेवी, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर

# बच्चों को साइबर क्राइम व नशे को लेकर किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज खटीमा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य ललित जोशी ने की एवं संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया।

बाजार चौकी प्रभारी पंकज महर ने साइबर क्राइम और साइबर ठगो से कैसे बचा जाए केबीसी में विस्तार से बताया। उन्होंने आरएनबी एक्ट के बारे में भी बच्चों को बताया। पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया बाल अपराध के बारे में भी बताया शाहाना बेगम शाहाना बेगम ने लोक अदालत और स्थाई लोक अदालत के बारे में बताया। विमलेश शर्मा ने बच्चों की गेम की प्रति पड़ रही



बच्चियों के बारे में बताएं जो ऑनलाइन खेले जाते हैं और उनके नुकसान के बारे में बताएं। ममता शर्मा, पीएलवी विमल कुमार ने स्थाई लोक अदालत टोल फ्री नंबर 15100 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में बताया। इस मौके पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# हमारी एकता का प्रतीक हैं पर्व : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने पिथौरागढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित सातू-आठू महोत्सव में प्रतिभाग किया और सभी जनपद वासियों को इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी एकता का प्रतीक है और इसे मनाकर हम अपनी संस्कृति को संरक्षित व प्रचारित कर रहे हैं, जो जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जोर दिया कि हमें अपने प्राचीन त्योहारों को इसी तरह आगे बढ़ाना चाहिए।



जिलाधिकारी ने कहा उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र, विशेष रूप से पिथौरागढ़ में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण लोक पर्व है। यह पर्व कुमाऊंनी संस्कृति का अभिन्न अंग है और यह मां गौरा (पार्वती) और भगवान महेश (शिव) की पूजा से जुड़ा है। यह पर्व एकता, सौभाग्य और बुरी शक्तियों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। जिलाधिकारी ने अपनी बात को आगे रखते हुए कहा यह पर्व कुमाऊंनी समुदाय की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता को दर्शाता है। यह विशेष रूप से महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया जाता है, हालांकि पुरुष भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

यह पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर विधायक मयूख महर, मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक कलाकार मौजूद रहे।

## एक नजर

### इनामी अभियुक्त शहरान को एसओजी टीम ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** पुलिस को लंबे समय से चकमा देता आ रहा इनामी अभियुक्त शहरान पुत्र मजीद निवासी खटका रुड़की को एसओजी ने अपनी गिरफ्तार ले लिया है। एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट द्वारा टीम बनाकर शहरान के लिए




जाल बिछा दिया था।जिसमें वह फंस गया। शहरान के ऊपर उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश में एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पुलिस की इस सफलता पर एसओजी प्रभारी समेत सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी है।

### अरविंद यादव ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सपा यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव लखनऊ समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पहुंचे। जहां अरविंद यादव ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर उत्तराखंड में संपन्न हुए पंचायत चुनाव की रिपोर्ट उन्हें सौपी गई। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी पंचायत चुनाव में विजयी प्रत्याशी को बधाई दी और कहा संगठन को मजबूत करने के लिए स्वयं शीघ्र ही उत्तराखंड का दौरा करेंगे। उन्होंने उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी वैचारिक विकल्प के रूप स्थापित हो रही हैं आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में चुनाव लड़ेगी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव को विधानसभा चुनाव में तैयारी के आदेश दिए है। इस मौके पर अरविंद दिवाकर, अतुल शर्मा मौजूद रहे।



**उत्तराखंड पंचायत चुनाव की रिपोर्ट अखिलेश यादव को सौंपी**

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मोहन पाल की सौहार्दपूर्ण भेंट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तराखण्ड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सौहार्दपूर्ण भेंट वार्ता की। इस दौरान बाजपुर विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री धामी ने आश्वासन दिया कि बाजपुर की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य के समग्र विकास और जनता की भलाई के लिए निरंतर कार्यरत है। मोहन पाल ने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व और उत्तराखंड के विकास के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प प्रदेश के युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है।



### वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नेतृत्व में दोबारा जांच कमेटी के गठन की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** अधिवक्ताओं ने मुख्य चुनाव अधिकारी खटीमा अधिवक्ता एसोशिएशन को बुधवार को ज्ञापन सौंप कर कहा कि गत दिनों पुरानी कार्यकारणी द्वारा वर्ष 2024 - 2025 का आय व्यय का ब्यौरा सदन में पेश किया गया था तब अधिकांश सदस्यों ने पेश किए बजट में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा जांच के लिए अपने हित वाले सदस्यों की असंवैधानिक ढंग से जांच कमेटी के सदस्य नियुक्त कर दिए गए तथा इस कमेटी के माध्यम से आय व्यय के ब्यौरे को पास कर दिया गया। जबकि निवर्तमान अध्यक्ष को कमेटी गठित करने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि उन्हीं के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। जांच कमेटी के एक ही दिन निवर्तमान अध्यक्ष के पक्ष में अपनी रिपोर्ट दे दी गई जो कि पूरी तरह से मनगढ़ंत है। जिससे समस्त सदस्य गण असंतुष्ट है। अधिवक्ताओं ने मुख्य चुनाव अधिकारी से वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नेतृत्व में एक निष्पक्ष जांच कमेटी के गठन की मांग की है जो कि निष्पक्ष तरीके से अपनी जांच प्रस्तुत करे। इधर अधिवक्ता एसोशिएशन के अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा और सचिव हरजीत सिंह ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पांच सदस्यीय जांच कमेटी मुख्य चुनाव अधिकारी के द्वारा बनाई गई है। अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। ज्ञापन देने वालों में एचएस कलसी, भैरव दत्त भट्ट, कुमारी पूजा, महेश जोशी, इकबाल अहमद, हरीश भट्ट, जगदीश दिगारी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रिनेसां कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेन्ट में छात्र-छात्राओं नें अपने शिक्षकों और प्रशिक्षकों के सम्मान में एक शानदार समारोह का आयोजन किया। इस विशेष दिन की शुरूआत कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक व निदेशक द्वारा दीप प्रज्वलित की गई। उन्होंने बताया कि भारत रत्न डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन भारत की वह महान हस्ती है जिनके जन्मदिवस को 5 सितंबर के दिन को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप मे मनाया जाता है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन नें लम्बें समय तक तुलनात्मक धर्म व दर्शन पर काम किया। उनका मानना था कि शिक्षा समाज को बदलने और उसमें अच्छाई लाने की कुंजी हैं। शिक्षक लोग ही समाज और देश के भविष्य कों आकार दे सकते हैं। संस्थान के निदेशक कुणाल मदान ने सभी शिक्षकों का अभिवादन किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि कार्य अपने आप में ही एक पुरस्कार हैं। इसलिए क्रियाशील बने रहें। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न फन एक्टिवीटीज और स्वादिष्ट भोजन का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम और सुदंर सजावट के साथ विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता और प्रेम प्रदर्शित किया।




### ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक ने संगठन को दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** प्रदेश कांग्रेस संगठन सर्जर अभियान के तहत आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक लोकसभा सांसद राव धन सिंह जसपुर नगर स्थित परिणय वाटिका में पहुंचकर संगठनों के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संगठन की नई रूपरेखा तैयार करने, जनसेवा को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने, आगामी 2027 में कांग्रेस सरकार के गठन की दिशा में रणनीतिक तैयारी करने, तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के समन्वय को और अधिक मजबूत करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ । बैठक में क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान,विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी,यूथ प्रदेश अध्यक्ष सुमितर भुल्लर, जिला पंचायत सदस्य नईम प्रधान, आफताब आलम, इख्तियार बबलू, सर्वेश वत्सल, राजकुमार चौहान आदि थे।

# मारिया स्कूल में हुआ साइंस एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध मारिया स्कूल में साइंस एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन के साथ फूड फेस्ट का कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों/ अभिभावकों / शिक्षकों की मौजूदगी में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य नईम अहमद ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने बहुत अधिक संख्या में आकर बच्चों के किए गए कार्य की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। साइंस और आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों ने जितने खूबसूरत मॉडल प्रस्तुत किये उससे भी अधिक खूबसूरती से उनकी प्रस्तुति अभिभावकों के सामने प्रस्तुत कर मौके पर मौजूद अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों का मन मोह लिया। समस्त कार्यक्रम स्कूल के मैनेजर फादर मैथ्यू तथा प्रिंसिपल फादर जोमोन, बरसर फादर जिबिन तथा समस्त अध्यापकों के देखरेख में किया गया। प्रिंसिपल फादर जोमेन ने बच्चों तथा अध्यापकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनकी पूरी टीम की सराहना की और कहा कि बच्चों और अध्यापकों की जी तोड़ मेहनत परिणामस्वरूप ही कार्यक्रम सफल हुआ है।

# लोहाघाट ब्लॉक को देंगे नई पहचानः ब्लॉक प्रमुख

**■ ग्रामीण जन प्रतिनिधियों की सीखने व समझने की ललक ही उनकी बुनियाद को करेगी मजबूतः सीडीओ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** क्षेत्र पंचायत लोकतंत्र की ऐसी बुनियाद है, जहां से हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था शुरू होती है। जिसमें ग्रामीण जनप्रतिनिधि ग्रामीणों को साथ लेकर अपने गांव के भविष्य की बुनियाद रखते हैं। इसमें वही जनप्रतिनिधि सफल हो पाते हैं, जो पंचायती राज व्यवस्था की समझ रखने के साथ उसे समझने का प्रयास करते हैं।

यह बात सीडीओ डा.जीएस खाती ने बीडीसी की पहली परिचयात्मक बैठक में ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों का स्वागत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अपने लंबे अनुभव को सांझा करते हुए कहा जनप्रतिनिधि पहले विभागीय प्रक्रिया की समझ रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि विकास से जुड़े कर्मचारी तथा वे एक दूसरे के पूरक है। आपसी तालमेल एवं समन्वय पर जोर देते हुए उन्होंने कहा आप जितना सीखने का प्रयास व अभ्यास करेंगे, वह आपके पद की बुनियाद को उतना ही मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया की बैठक में निर्वाचित प्रतिनिधि ही भाग लेंगे, यदि बिना कारण तीन बैठकों वे शामिल नहीं होते हैं तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। 67 ग्राम प्रधानों की इस बीडीसी में अभी तक मात्र डेढ़ दर्जन ग्राम पंचायते ही अस्तित्व में आ पाई है। जबकि बीडीसी के सभी 34 सदस्य मौजूद थे। बैठक का संचालन प्रभारी वीडियो रमेश चंद जोशी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख महेंद्र ढेक ने सीडीओ समेत सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए, मुख्यमंत्री के उस संदेश को पढ़कर सुनाया, जिसमें उन्होंने सशक्त उत्तराखंड की परिकल्पना को लेकर अपने अनुभव व विचार सांझा किए थे।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा हम सब मिलकर ग्रामीण विकास को ऐसा रूप व स्वरूप देंगे, जो मुख्यमंत्री की परिकल्पनाओं के अनुरूप बनाए जा रहे हैं, मॉडल जिले में लोहाघाट ब्लॉक अपनी विशिष्ट शान व पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा सीडीओ द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुरूप हम ऐसा ग्रुप बनाएंगे, जो हमारे आपसी संवाद की बुनियाद को मजबूत करेगा। बैठक में एसडीएम नितेश डांगर,डीपीआरओ भूपेंद्र कुमार, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट के अलावा ब्लॉक स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद थे।

## योजनाओं की समझ व उसे जमीन पर उतारने का हो जुनूनः डीएम



**चंपावत।** यहां जिला मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा की अध्यक्षता में हुई बीडीसी की पहली बैठक में मुख्य अतिथि जिला अधिकारी मनीष कुमार ने कहा आज के डिजिटल युग में जबकि दुनिया हमारी मुट्ठी में है, जिस दिन जनप्रतिनिधि ठान लेंगे कि उन्होंने अपने गांव की तस्वीर बदलने के लिए उनमें नई सोच के साथ काम करने का जुनून पैदा होगा उसी दिन वे उस गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार देने में सक्षम होकर मॉडल जिले की परिकल्पना को जमीनी रूप देने के लिए आगे आएंगे।

# डा. धीरज गहतोड़ी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**■ दस से अधिक शोध पत्र विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स मे हो चुके हैं प्रकाशित**

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** डा. धीरज गहतोड़ी ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर से प्रोफेसर आशीष व्यास के निर्देशन में अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विधानसभा जनपद चंपावत का नाम रोशन किया है।



डा. धीरज गहतोडी गौरल चौड मार्ग चंपावत निवासी डॉक्टर गंगाधर गहतोडी व माता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक भगवती गहतोडी के पुत्र है। उनका शोध कार्य ष्उत्तराखंड के कुमाऊँ क्षेत्र में मॉस को भारी धातु प्रदूषण की जैव-निगरानी (बायोमॉनिटरिंग) के रूप में उपयोग की संभावनाओं का अध्ययनष पर केंद्रित था।डॉ. गहतोड़ी को हाल ही में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, दिल्ली में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट शोधकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्गेनाइज्ड रिसर्च, वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, और आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। उन्हें पर्यावरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला है, विशेष रूप से भारी धातुओं के प्रभाव पर उनके शोध कार्य के लिए उनके 10 से अधिक शोध पत्र विभिन्न अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. गहतोड़ी ने अपने शोध कार्य के दौरान बरेली कॉलेज में प्रोफेसर दिनेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में मेटल मॉनिटरिंग पर भी कार्य किया, जिसमें मॉस (झूला) के प्रयोग द्वारा वायु में भारी धातुओं की मात्रा का आंकलन किया गया।

इनको इससे पहले त्रिभुवन विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण प्रोटेक्शन अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है, जो उनके पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को दर्शाता है। डा. गहतोडी की इस उपलब्धि पर हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं सहित ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, पत्नी प्रियंका गहतोडी, पुत्री आद्रिका गहतोडी सहित तमाम गणमान्य लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# महामंडलेश्वर डा. स्वामी वीरेंद्रानंद गिरि राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** शंखनाद जनचेतना मंच द्वारा हिमालयन योगी, महामंडलेश्वर डां वीरेंद्रानंद गिरि को राष्ट्रीय शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।



शिक्षक दिवस से पूर्व एशियन एकेडमी ऐंचोली में आयोजित कार्यक्रम में शंखनाद जनचेतना मंच के निदेशक इंजी. ललित शौर्य, समाजसेवी जयप्रकाश देवलाल, विक्की मेहता, विक्रम सिंह बिष्ट समेत अनेक युवाओं ने शाल ओढाकर, स्मृति चिह्न एवं पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए इंजी. शौर्य ने कहा कि शिक्षा जगत में स्वामी वीरेंद्रानंद का योगदान अतुलनीय है। वह भारत और भारत से बाहर भी प्रवास कर सनातन धर्म की शिक्षाओं का प्रसार कर रहे हैं। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी, दुबई, कजाकिस्तान समेत विश्व के अनेकों देशों में उनके प्रशंसक हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर मंच द्वारा उनका सम्मान उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गए कार्यों का सम्मान है।

समाजसेवी जयप्रकाश देवलाल ने कहा कि स्वामी वीरेंद्रानंद लंबे समय से सीमांत में शिक्षा की अलख जगाए हुए हैं। विक्की मेहता ने कहा कि शिक्षा एवं खेल जगत की प्रतिभाओं का मार्गदर्शन कर स्वामी वीरेंद्रानंद ने उन्हें एक नया आयाम दिया है।

सीमांत की प्रतिभाएं वैश्विक पटल पर नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर सुजल वर्मा, अंकित ज्याला, नितिन सागर, संजीव पंत, चंदन सिंह, पारस चंद, मयंक चंद देवेंद्र ऐरी समेत कई लोग मौजूद थे।

# दो कृषकों को आर्थिक सहायता दी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर द्वारा फसल में आग लग जाने पर दो कृषकों को बीस हजार ,बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

मंडी कार्यालय में सचिव सहील अहमद द्वारा सतनाम सिंह पुत्र स्व. करतार सिंह और मनदीप कौर पत्नी मीलन्दर सिंह ग्राम चिल्किया रामनगर के खेत में माह अप्रैल में विद्युत सर्किट से आग लग गई थी जिस कारण गेहूं की फसल नष्ट हो गई थी।दोनों कृषकों द्वारा मंडी समिति में दावा फार्म दिया गया।जिसकी जांच मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे द्वारा की गई।जांच उपरांत ठीक पायें जाने पर कृषक को गुरुवार को सतनाम सिहं बीस हजार बीस रूपए एवं मनदीप कौर बीस हजार की धनराशि फसल क्षति योजना के अन्तर्गत चौक दिये गये। इस अवसर पर मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र प्रकाश पन्त, सुरेन्द्र सिंह, ललित पन्त, मुदित दुर्गापाल, सोहनलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# पंद्रह अक्टूबर तक हर हाल में पेराई के लिए पूरी तरह तैयार करें मिलः मंजीत सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** दर्जा गन्ना राज्य मंत्री मंजीत सिंह 'राजू' ने चीनी मिल जीएम व एसडीएम डा. अमृता शर्मा के साथ चीनी मिल का विस्तृत निरीक्षण किया। मौके पर जाकर मिल की वर्तमान स्थिति और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में मिल की तैयारी में ढिलाई न हो। अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े शब्दों में कहा कि 15 अक्टूबर तक हर हाल में मिल पूरी तरह तैयार हो जानी चाहिए। ताकि समय पर ट्रायल लेकर मिल को एक नवंबर से सुचारु रूप से चलाया जा सके।



निरीक्षण के दौरान दर्जा गन्ना राज्य मंत्री ने किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि गन्ना किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। गन्ना भुगतान, पेराई, और अन्य सुविधाओं को समयबद्ध सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ हर कदम पर खड़ी है। किसानों की मेहनत और अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। मिल प्रशासन को साफ निर्देश दिए कि किसानों की सुविधाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान दर्जा गन्ना राज्य मंत्री का रूख बेहद सख्त और सकारात्मक दोनों रहा। कर्मचारियों में नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का भाव भरने का काम किया। इस अवसर पर किसानों की अपेक्षाओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया। दर्जा गन्ना राज्य मंत्री ने कहा कि समय पर पेराई शुरू होना किसानों के हित और प्रदेश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बेहद अहम है। गन्ना मिल की तैयारियों को लेकर सरकार हर स्तर पर मदद और मार्गदर्शन देगी। यह निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक ठोस कदम है। दर्जा गन्ना राज्य मंत्री का संकल्प है कि इस बार किसानों को राहत, सुविधा और समय पर भुगतान मिले। उनकी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता किसानों में नई उम्मीद और विश्वास जगाती है। आज का यह निरीक्षण प्रदेश की गन्ना बेल्ट में नई ऊर्जा और विकास की गूंज लेकर आया है।

# बीडीसी की पहली बैठक में उठीं कई समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की पहली बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न गांव से आए बीड़ीसी, प्रधान और जनप्रतिनिधियों ने एक एक कर बिजली, पानी, सड़के आदि समस्याएं गिनाई, लेकिन अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करते नजर आए। केवल समस्या का देख लेने की बात करते रहे।

इस पर जनप्रतिनिधि गुस्साए उठे, बोले कि गांव में बिछाई गई पेयजल लाइनों में पानी नहीं आ रहा है। विद्यालयों में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। ठेकेदार मार्गो को तोड़कर पेयजल लाइनें तो बिछा रहा है, लेकिन मार्ग ठीक करने में आना कानी कर रहा है।इस पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने संबंधित अधिकारियों को जवाब देने को कहा। लेकिन कोई भी अधिकारी समस्याओं पर गौर करता नहीं दिखा।

वहीं ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई लाइनों में पानी नहीं आने पर आंदोलन की चेतावनी दे दी। साथ ही एसडीएम ने समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार सिंह, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की, एसडीओ दर्पण सिंह, मंडी सचिव सहील अहमद, उद्यान प्रभारी अर्जुन सिंह परवाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजीव कुमार, रेंजर शेखर तिवारी, रेंजर डीएन सुनाल, कनिष्ठ प्रमुख मीना रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथलेश डंगवाल, बसंती आर्य, भूपेंद्र कुमार, प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी,



राहुल डंगवाल, प्रधान नवीन सती, भावना देवी, कमला भारती, रेखा, प्रीतम सिंह, सीता देवी आदि मौजूद रहे।

# बीसीसीआइ, यूसीबी के ओहदेदारों को नोटिस

## हाई कोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट प्रीमियर लीग का गुप्त ठेका देने पर मांगा जवाब



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट प्रीमियर लीग का ठेका सार्वजनिक किये बगैर एक ही व्यक्ति को दे दिये जाने के मामले में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) तथा उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड सहित उसके पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वीरवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंदर व जस्टिस सुभाष उपाध्याय की बेंच के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले में बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र भंडारी ने याचिका दायर कर कहा था कि उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड का गठन 2006 में हुआ था और 2019 में इसे बीसीसीआई से मान्यता मिली।याचिका में कहा था कि उसके बाद से बीसीसीआई ही इसके संच.ालन के लिए धनराशि देता है और अब तक बीसीसीआई 22 करोड़ से अधिक फंड उत्तराखंड क्रिकेट बोर्ड को दे चुका है लेकिन खिलाड़ियों की सुविधाओं व खेल में इस राशि का उपयोग किया गया। आरोप लगाया गया कि बोर्ड के सदस्यों ने इस राशि का दुरुपयोग किया तथा पौष्टिक आहार के नाम पर केवल केले दिए गये। इसके बाद अब उत्तराखण्ड क्रिकेट प्रीमियर लीग का ठेका भी नियम विरुद्ध तरीके से एक ही कंपनी के मालिक को दे दिया गया। कहा कि नियम के अनुसार एक व्यक्ति एक ही टेंडर डाल सकता है। यह भी आरोप लगाया गया कि टेंडर से बोर्ड को दो करोड़ रुपये की आय होती लेकिन उसे भी बोर्ड के सदस्यों ने माफ कर दिया साथ ही मैच के दौरान जो फ्रैंचाइजी कंपनियां उत्पादों के विज्ञापन का शुल्क देतीं जिससे आय होती उसे भी माफ कर दिया गया। याचिका में मामले की जांच कराने की मांग की गई है।

## आईएफएस पंकज कुमार के स्थानांतरण पर रोक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में आईएफएस अधिकारी पंकज कुमार को राज्य सरकार के नियम विरुद्ध स्थानांतरण को चुनौती देती याचिका में न्यायालय ने 2009 बैच के आईएफएस पंकज कुमार को राहत देते हुए स्थानांतरण में रोक लगा दी है। बता दें कि वीरवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने न्यायालय से स्थानांतरण आदेश पर पुन: विचार करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई अब 10 सिंतबर बुधवार के लिए तय हुई है। बता दें कि 2009 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी पंकज कुमार ने याचिका दायर कर अपने स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने बताया कि याचिका में कहा गया कि वे नन्दा देवी बाईस फीयर के निदेशक पद पर तैनात हैं जो एक गंभीर और अतिसंवे.दनशील पोस्टिंग होने के साथ ही उसमें केदारनाथ घाटी के भी संवेदनशील क्षेत्र उनके क्षेत्राधिकार में आते हैं। वे इस पोस्ट में थे उसमें सभी आईएफएस अधिकारी को न्यूनतम कार्यकाल सुरक्षा दिया जाता है। इस न्यूनतम कार्यकाल सुरक्षा नियमावली के तहत किसी भी अधिकारी का 2 वर्ष तक स्थानांतरण नही किया जा सकता। यदि किसी अधिकारी का 2 वर्ष के भीतर स्थानांतरण होता है तो वह एक निहित प्रक्रिया के तहत अधिकारी की सहमति से किया जाता है, लेकिन उनकी स्थानांतरण प्रक्रिया में नियमों का पालन किए बिना ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया जो नियम विरुद्ध है।

# डिजिटल अरेस्ट: तीन सप्ताह में जवाब दें प्राइवेट बैंक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के मामले में आरबीआई, केंद्रीय संचार मंत्रालय, टेलीकॉम कंपनियों सहित राज्य में संचालित प्राइवेट बैंकों को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। वीरवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और जस्टिस सुभाष उपाध्याय की बेंच के समक्ष हुई। इस दौरान कोर्ट ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जारी एसओपी हर थाने तक प्रसारित करने के निर्देश दिए जबकि पिछली तिथि में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से आरबीआई सहित बैंकों को पक्षकार बनाने को कहा था। बता दें कि वीरवार को हुई सुनवाई के दौरान आईजी कानून व्यवस्था डा. नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी साइबर क्राइम नवनीत भुल्लर वर्चुअली कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध को रो.कने के लिए विभाग ने एसओपी जारी कर दी है। कोर्ट ने निर्देश दिए कि एसओपी प्रदेश के हर थाने में प्रसारित करें और जागरूकता अभियान भी चलाएं जिससे लोग साइबर ठगी से बच सकें। इससे पूर्व की सुनवाई में उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ था जिसमें राज्य के जजों और पुलिस अधिकारियों के नाम से जमानती वारंट जारी कर जुर्माना वसूलने वाले एक बड़े स्कैम का पर्दाफाश हुआ था। इस मामले में चार बैंक अकाउंट्स के जरिए लोगों से पैसे ऐंठे जा रहे थे। मामले में सुरेन्द्र कुमार ने याचिका दायर कर सुरेंद्र कुमार ने कहा था कि एक माह पूर्व दो अलग फोन नंबरों से फोन कर उन्हें अपर जिला जज देहरादून की अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने व 30 हजार रुपये तत्काल जमा करने को कहा गया था। इस राशि को जमा करने को जिला देहरादून के नाम सहित चार अन्य स्कैनर भी दिए गए। कोर्ट ने मामले को बेहद गंभीर मानते हुए इसे जनहित याचिका में तबदील कर दिया था। मामले में फर्जी जज के नाम से एनबीडबलू जारी किया गया और स्कैम के लिए पांच स्कैनर लगाए गएए जिनमें एक देहरादून के जिला जज और अन्य पुलिस विभाग के नाम से थे। कोर्ट में खुलासा हुआ था कि देहरादून के एडीजे के नाम से जारी एनबीडब्लू पूरी तरह फर्जी हैयोंकि न तो ऐसा कोई मामला किसी कोर्ट में विचाराधीन है और न ही हरिद्वार या देहरादून कोर्ट में इस नाम के कोई न्यायाधीश हैं। इन फर्जी अकाउंट्स के जरिए लोगों को डरा कर उनसे कयूआर कोड से डिजिटल रूप से भुगतान लिया जा रहा था। हाईकोर्ट ने इस स्कैम को गंभीर पाते हुए माना था कि इस तरह के फर्जीवाड़े में प्राइवेट बैंकों की भी संलिप्तता हो सकती है क्योंकि सभी फर्जी अकाउंट्स प्राइवेट बैंकों के ही हैं। कोर्ट ने आरबीआई तथा खाताधारक प्राइवेट बैंकों और टेलीकम्युनिकेशन कंपनियों को इस मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि एक महीने बीत जाने के बावजूद साइबर सेल और पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

## श्री गणेश महोत्सव में चित्र प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्रीगणेश महोत्सव के अंतर्गत वैश्य महासभा द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए 340 बच्चों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बुरांश मैट्रेस के स्वामी हितेंद्र उप्रेती व अमित गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुई। प्रतियोगिता के संयोजक अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित थी, और इसे सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अनीता शर्मा और नैन्सी जायसवाल ने निभाई। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में चंदन सिंह प्रथम, शालू द्वितीय और अर्शिल शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। जबकि अंजलि रौतेला, भूमिका फुलारा, भूमिका विष्ट, प्रियंका करायत, पिंकी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं जूनियर वर्ग में अनन्या अग्रवाल प्रथम, अमित कुमार द्वितीय और दिव्यांशी शर्मा तृतीय पर रहीं। जबकि रोहित चौहान, अवीशा अग्रवाल, हर्ष बर्द्धन, लोकेश सिंह, पावनी जोशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सब-जूनियर वर्ग में वैदिका मेहरा प्रथम, दीपक जोशी द्वितीय और मानस पलड़िया तृतीय स्थान पर रहे जबकि सान्वी सिंह, अनुराधा अग्रवाल, मैत्री पांडे, रक्षित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी विजेताओं को वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता और कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल मुन्ना द्वारा प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन अवसर पर आयोजकों ने जेके सीमेंट, केन्द्रीय अग्रहरि समाज, बुरांश मैट्रेस, और वैश्य महिला समिति एवं युवा वैश्य महासभा के समस्त कार्यकर्ता और पदाधिका.रियों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### आइडीबीआइ ने अस्पताल को 25 बैंच दीं

**नैनीताल।** आईडीबीआई बैंक ने बीडी पांडे अस्पताल प्रबंधन को 25 बैंच प्रदान की। प्रबंधन ने बैंच अस्पताल के बाहर मरीजों के बैठने के लिए लगाई हैं। बता दें कि नैनीताल स्थित आइडीबीआई बैंक की ओर से पूर्व में बीडी पांडे अस्पताल प्रबंधन से सीएसआर फंड से सहयोग करने की बात कही थी। वार्ता के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से बैंक की टीम से मरीजों व तीमारदारों के लिए बैंच लगवाने की मांग की थी। जिसके चलते वीरवार को आईडीबीआई बैंक की ओर से सीएसआर फंड से अस्पताल को 25 बैंच प्रदान की गई। बैंक के ब्रांच मैनेजर रवि सोनी ने बताया कि आगे भी अस्पताल में एसी व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी। अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि बैंक की ओर से प्रदान की गई बैंच अस्पताल के बाहर मरीजों व तीमारदारों के लिए लगाई गई हैं। इस दौरान डा. द्रौपदी गर्बियाल तथा हेमंत बलुटिया मौजूद रहे।

### झील में नाव से लगाई छलांग, बचाया

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में नौकायन करने के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति ने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि नाव चालकों ने बुजुर्ग को डूबने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार बरेली निवासी अवतार सिंह (60) वीरवार को नैनीताल पहुंचे थे। उन्होंने नौकायन के लिए बोट स्टैंड से एक नाव का टिकट लिया। जिसके बाद वह लाइफ जैकेट पहनकर नाव में बैठकर नौकायन को चले गए। नाव झील में पहुंची थी इस दौरान बुजुर्ग ने पांच सौ के दो नोट निकालकर नाव चालक को दिए। उन्होंने एक नोट मंदिर और एक नोट गुरूद्वारे में चढ़ाने के लिए कहा। नाव चालक के समझने से पहले बुजुर्ग ने लाइफ जैकेट उतार कर झील में छलांग लगा दी। गनीमत रही कि नाव चालक ने बुजुर्ग को डूबने से बचा लिया। मामले में पुलिस के एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि बुजुर्ग से पूछताछ की गई। घर की किसी परेशानी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। बताया कि बुजुर्ग की काउंसलिंग की गई जिसके बाद उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### नशे में टैक्सी चलाने पर कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति को शराब के नशे में स्कूल वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैक्सी वाहन सीज कर दिया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने अपराध, सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश व बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश पुलिस को दिये हैं। आद.ेश के क्रम मे एसओ तल्लीताल मनोज सिंह नयाल के नेतृत्व में एसआई सतीश उपाध्याय ने पुलिस टीम के साथ वीरवार को तल्लीताल में चैकिंग अभियान चलाया। तल्लीताल डांट पर स्कूलों में लगे वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक निजी स्कूल में लगे टैकसी वाहन संखया यूके 04टीए-6842 को रोक चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान वाहन बिना दस्तावेज चलते पाया गया साथ ही चालक शराब के नशे में प्रतीत हुआ जिस पर पुलिस ने चालक का मेडिकल कराया। मेडिकल में चालक के शराब पीने की पुष्टि हुई। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन व शराब पीकर वाहन चलाने पर तल्लीताल निवासी शमशेर खान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया।

### टोल चुंगी के पास तेंदुए दिखने से दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल के बारापत्थर टोल चुंगी पर देर रात तेंदुए टहलते नजर आए। तेंदुओं की टहलने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। बता दें कि नैनीताल शहर चारों तरफ से जंगलों से घिरा हुआ है। जिसके चलते यहां कुत्तों की तलाश में तेंदुए शहर के भीतर आ जाते हैं। जिसके चलते आये दिन शहर में तेंदुए दिखाई देते हैं। कई बार सीसीटीवी कैमरों में भी तेंदुए कैद हो जाते हैं। बुधवार की देर रात भी बारा पत्थर क्षेत्र में दो तेंदुए तो टैकस के पास दिखाई दिए। वह सीसीटीवी में दौड़ते व खेलते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तेंदुओं को खेलता देख लोग काफी उत्साहित हैं। वहीं देर रात आवाजाही करने वाले लोगों में भय का माहौल भी है। नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी आंनद लाल टम्टा ने बताया कि नैनीताल शहर के समीप तेंदुओ का दिखना सामान्य बात है। फिलहाल क्षेत्र में गश्त की जा रही है।

### मां के डोले में प्रसाद भंडार लगाएगी 'यो पहाड़'

**नैनीताल।** यो पहाड़ फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ नंदा-सुनंदा के विदाई दिवस के विशेष मौके पर शुक्रवार (आज) डोले के माँ नैना देवी मंदिर के मुख्य द्वार से निकलते ही मामू प्रसाद भंडार के सामने भव्य पुष्प वर्षा का विशेष आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के मुता.बिक इस बार पुष्प वर्षा पहले से कहीं अधिक भव्य और विशाल होगी, जिसमें गुलाब, गेंदा, चंपा और चमेली जैसे सुगंधित फूलों की भारी मात्रा शामिल होगी। इसके पश्चात हर वर्ष की तरह राजकीय बीडी जिला पांडे अस्पताल के सामने व ओपन थिएटर के बाहर प्रसाद व जूस वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। यो पहाड़ फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से शहर में धार्मिक व सामाजिक और पहाड़ व पहाड़ियों के उत्थान के लिए कार्यरत है। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि संगठन में छोटी उम्र के बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी अपना हर संभव योगदान देते हैं। फाउंडेशन के प्रमुख सदस्यों यथा लोकेश बिष्ट, अर्जुन बोहरा, जितेंद्र मर्तोलिया, संतोख बिष्ट, सागर सोनकर, दीपक पल्स, शिवा बिष्ट, नीरज बिष्ट, दीप्ति बोरा, दीपू जोशी, पंकज गदिया, दिनेश पांडे, अभिषेक तिवारी, विनय, प्रियांशु, चंदन, और युवराज, सौरभ, अमित आदि इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# पहली बैठक: क्षतिग्रस्त सड़कें रहा मुद्दा

## अधिकारियों ने समाधान का भरोसा दिलाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल ब्लॉक सभागार में वीरवार को क्षेत्र पंचायत की प्रथम बैठक ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इससे पूर्व बैठक का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह, ज्येष्ठ प्रमुख तथा कनिष्ठ प्रमुख तथा खण्ड विकास अधिकारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम बैठक में सर्वप्रथम जनप्रति.निधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जिसपर विभागीय अधिका.रियों द्वारा समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक में नलनी के ग्राम प्रधान ने सड़क निर्माण की मांग की, जिसपर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार द्वारा कहा बरसात के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। रोखड के प्रधान योगेश्वर ने रोखड़ में सड़क के टूटने की समस्या को उठाया जिसपर अधिशासी अभियंता द्वारा 15 सितंबर के बाद निर्माण कार्य को शुरू करने की बात कही वही पांडे गांव के प्रधान ने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने, नालियों का निर्माण साथ ही कलमठ को खोलने की मांग की जिस पर विभाग द्वारा जल्द कार्यवाही की बात कही। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गा दत्त ने नौकुचियाताल के कमल ताल के पास धसी हुई सड़क को ठीक करने की मांग की गई। ग्राम प्रधान जंगलिया गांव राधा कुल्याल ने जंगलिया गांव के पंचायत घर के पास भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने मोटर मार्ग को ठीक करने की मांग उठाई। बैठक में सड़क, जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के मुद्दे उठे जिस पर प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने एक माह में पुन: समीक्षा करने की बात कही। बैठक में पीएमजीएसवाई विभाग के अफसरों ने बताया कि ब्लाक की 10 सड़कों में से 3 की डीपीआर भेज दी है अन्य पर कार्रवाई गतिमान है। बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने सड़कों को वर्षा रुकने के तुरन्त पश्चात गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि ब्लॉक के दो विद्यालयों को मॉडल रूप में विकसित किया जाएगा। प्रमुख डा. हरीश बिष्ट ने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों की समस्याओं पर गंभीरता से त्वरित कार्यवाही करने को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह ने समय पर विभागीय अधिकारियों को कार्यों को पूर्ण करने निर्देश दिए वही बैठक में उठाई गई समस्याओं का जल्द निस्तारण करने को कहा। बैठक में ज्येष्ठ प्रमुख उमेश पलडिया, कनिष्ठ प्रमुख रागिनी आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य सावित्री शर्मा, हरीश चंद्र, अंकित, मोहित, मुकेश, बंटी गोस्वामी, अजय, ग्राम प्रधान मुन्नी देवी, राधा कुल्याल, जया बोहरा, लक्ष्मण गंगोला, मुकेश पलडिया, खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बैनी, जिला शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता सकसेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूओयू में शिक्षक सम्मान समारोह

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने गुरुवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। विश्वविद्यालय ने उत्तराखंड राज्य की मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकारिता विशेषज्ञ प्रो. गोविंद सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। प्रो. गोविंद सिंह ने विश्वविद्यालय से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए भावुक क्षणों का स्मरण किया। उन्होंने अपने शिक्षकों रेवती देउपा और वीरेन्द्र मेंहदी रत्ता का नाम लेते हुए कहा, बिना शिक्षकों के तराशे, एक छात्र कुछ भी नहीं होता। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से अपील की कि वे उन विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुँचाने की प्रतिबद्धता रखें, जो प्राकृतिक आपदा या संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं।

# डिजिटल सेवा बढ़ाएगा कूर्मांचल बैंक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कूर्मांचल नगर सहकरी बैंक लिमिटेड नैनीताल के अध्यक्ष विनय साह ने कहा कि बैंक ने डिजिटल क्षेत्र में बहुत प्रगति की है और बैंक इसे और भी बेहतर बनाने का इरादा रखता है। इसी क्रम में बैंक के द्वारा विनियामक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपनी वेबसाइट को बैंक-इन डोमेन में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है। साह के मुताबिक ऐसा करने वाला कूर्मांचल बैंक उत्तर भारत का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक हैं और भारत में प्रथम 10 बैंकों में से एक है। साह वीरवार को बैंक के प्रधान कार्यालय कूमार्चल भवन तल्लीताल, नैनीताल में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा लेन देन युक्त इंटरनेट बैंकिंग में अब ग्राहकों को बिल डेस्क की सुविधा दी जा रही है जिससे



ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सभी प्रकार के बिलों का भुगतान करने में सक्षम हैं। साह ने बताया कि बैंक अपने लघु बचत खाता धारकों को वास्तविक समय में जमा की सुविधा प्रदान कर रहा है जो डिजिटल बैंकिंग की सुविधा का एक और उदाहरण है। बैंक अपने ग्राहकों की सुविधा हेतु यूपीआई आधारित मोबा.इल बैंकिंग के लिए प्रयासरत हैं। साह के मुताबिक संजय साह को बैंक का सचिव नियुक्त कर दिया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान बैंक के सचिव संजय साह समेत बैंक के अधिक.ारीगण दिनेश चंद्र जोशी, अखिल साह, सुनील लोहनी, संजय पाठक, हरीश चंद, विवेक कुमार पंत तथा अर्जुन सिंह नेगी उपस्थित रहे।

## ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**हल्द्वानी।** ससुरालियों से तंग आकर एक महिला ने अपने पति व ससुरा.लियों के खिलाफ दहेज व मारपीट के तहत संगीन धाराओं में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बनभूलपुरा थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में पीड़िता ने कहा कि उसका निकाह 28 जनवरी 2014 को तनवीर अहमद उर्फ चांद बाबू पुत्र मकसूद अहमद निवासी बागजाला गौलापार से हुआ था। शादी के बाद से ही पति नशे में धुत होकर मारपीट और गाली-गलौज करता रहा। सास सुगरा, ससुर मकसूद अहमद, ननद उजमा, उजरा, बुसरा और देवर बारिस व मोनिस दहेज कम लाने का ताना देते रहते थे। पीड़िता ने पति पर अन्य महिला से अवैध संबंध का शक की बात कहती तो वह आगबबूला हो जाता। पहली बेटी होने पर ससुराल पक्ष ने उसे अपमानित किया। उसकी अलमारी से जेवर गायब कर दिए। पूछने पर पति ने स्वीकार किया कि उसने अंगूठी, सोने की चेन और दहेज में मिली बाइक भी बेच दी है। पीड़िता ने कहा इसी वर्ष 21 जनवरी को उसने एसएसपी से भी शिकायत की। जिसके बाद मामला महिला समाधान केंद्र पहुंचा तो पति ने माफी मांगी। लेकिन उसके बाद भी पति का उत्पीड़न जारी रहा। बनभूलपुरा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## वैज्ञानिक समीक्षा के शोध को मिलेगी मान्यता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में वीरवार को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के नेतृत्व में गठित विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित की गई। बता दें कि यह समिति विश्वविद्यालय में शोध प्रकाशनों के मानक तय करने, मान्यता योग्य शोध पत्रिकाओं की सूची तैयार करने तथा गुणवत्ता, मापदंड विकसित करने पर कार्य कर रही है। बैठक में केअर सूची की समाप्ति के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों पर बढ़ी जिम्मेदारी तथा शोध पत्रिकाओं की पारदर्शिता, प्रामाणिकता एवं विषय संगतता पर गहन चर्चा हुई। समिति ने यह तय किया कि विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और शोधार्थियों की पदोन्नति एवं प्रत्यक्ष नियुक्तियों के लिए केवल उन्हीं शोध पत्रिकाओं को मान्यता दी जाएगी जिनमें निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक समीक्षा प्रणाली अपनाई जाती है। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि यह पहल न केवल विश्वविद्यालय की अकादमिक साख को मजबूत करेगी बल्कि शिक्षकों एवं शोधार्थियों को गुणवत्ता आधारित शोध कार्यों के लिए प्रेरित भी करेगी। उन्होंने बताया कि समिति शीघ्र ही एक स्पष्ट क्वालिटी मैट्रिक्स जारी करेगी जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता विश्वविद्यालय के मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्ता मापदंड को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा। बैठक में प्रो. नंद गोपाल साहू, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. एसएस बर्गली, प्रो. श्रीष मौर्य, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. राजीव उपाध्याय, प्रो. अमित जोशी, प्रो. रमेश चन्द्र तथा ऑनलाइन माध्यम से प्रो.नवीन चन्द्र लोहनी कुलपति उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, प्रो. एसएस खनका वित्त मंत्रालय, प्रो. कविता शर्मा और प्रो. उज्जवल कुमार दिल्ली विश्वविद्यालय भी बैठक में शामिल हुए।

# आज विदा होंगी मां नंदा-सुनंदा

## नैनीताल में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में चल रहे 123वें श्री मां नंदा देवी महोत्सव में वीरवार को सभा द्वारा नंदा चालीसा आयोजित की गयी जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रतिभाग किया। दूसरी ओर अब नौ दिवसीय मां नंदा महोत्सव का समापन शुक्रवार (आज) को होगा। इस दौरान नगर में मां नंदा व सुनंदा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बता दें कि वीरवार को आयोजित नंदा चाली.सा में कैलाश जोशी, राहुल जोशी, हीरा रावत, मंजू रौतेला तथा भीम सिंह कार्की व मुकुल जोशी आदि द्वारा सहयोग किया गया जबकि भंडारे में एडवोकेट डीएस पटनी, दीपक साह, मुकुल जोशी, राजेंद्र लाल साह, देवेंद्र लाल साह, राजेश साह, अमर साह तथा गोधन सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल एवं टीम ने सभी को प्रसाद वितरित किया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भजनों की विशेष प्रस्तुति हुई। दिनभर चले कार्यक्रमों को सफल बनाने में राम सेवक सभा के संरक्षक गिरीश जोशी, अध्यक्ष मनोज साह, पूर्व अध्यक्ष व पालिका के सभासद व पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, सभा के उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, बिमल चौधरी, देवेंद्र लाल साह, डा. मोहित सनवाल, कैलाश जोशी, हरीश सिंह राणा, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, मोहित लाल साह, भुवन बिष्ट, दिनेश भट्ट, ललित साह, घनश्याम लाल साह, राजेंद्र लाल साह, दीपक साह तथा राजेश साह आदि जुटे रहे।





### ताल चैनल, यूट्यूब पर लाइव प्रसारण

**नैनीताल।** मां नंदा महोत्सव का सीधा प्रसारण ताल चैनल तथा यू ट्यूब के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया गया। सीधा प्रसारण में वीरवार को विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। सीधा प्रसारण में जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा, जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी तथा बेहतरीन सफाई मैनेजमेंट हेतु सुनील कुमार, दिनेश कटियार तथा कमल सिलेलान समेत समाजसेवी खष्टी बिष्ट तथा आर्ट ऑफ लिविंग की टीम सुनीता वर्मा, आशीर्वाद कलब की तरफ से रेखा त्रिवेदी, गीता साह, मोनिका साह, निधि कंसल तथा यशपाल रावत शामिल हुए। एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र ने नंदा राजजात पर पूर्ण जानकारी दी। संचालन डा. कपिल जोशी, हेमंत बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, नवीन पांडे, मीनाक्षी कीर्ति व मृणाल नेगी ने किया।

### पंच आरती में हाई कोर्ट के जज शामिल हुए

**नैनीताल।** महोत्सव के तहत आयोजित सांयकालीन पंच आरती में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश टंडन, न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति आशीष नैथानी तथा एडवोकेट जनरल एसएन बाबुलकर सहित पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री तथा सांसद अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्य तथा एमडी कुमाऊं मंडल विकास निगम विनीत तोमर शामिल हुए। पंचआरती पंडित चंद्र शेखर तिवारी द्वारा संपन्न कराई गई। पंच आरती के बाद हलवा का प्रसाद बांटा गया।

# शिक्षा संस्कार व जीवन जीने की कला

## शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुजनों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज़ एवं सेन्गुइन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2025 समारोह का आयोजन केके टावर, कारगी रोड देहरादून में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की संस्थापक डा. कंचन नेगी, सह संस्थापक डा. केएस नेगी एवं सुशीला नेगी ने मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत तथा विशिष्ट अतिथि दून विवि की कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल, का शॉल, पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। डा. कंचन नेगी ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं बल्कि संस्कार और जीवन जीने की कला है। कुलपति डा. सुरेखा डंगवाल ने कहा




कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बेहतर इंसान बनाना है और मुख्य अतिथि डा. रावत ने शिक्षकों को दीपक की संज्ञा देते हुए कहा कि वे स्वयं जलकर समाज को प्रकाशमान करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षकों व शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। विद्या सागर बेस्ट करियर काउंसलर, स्वाती उनियाल (हिमालयन पब्लिक स्कूल) आउटस्टैंडिंग प्रिंसिपल, संगीता सोफट व सुनीता पाराशर (समरवैली स्कूल) इंग्लिश टीचर अवार्ड, रचना श्रीवास्तव (ऑक्सफोर्ड स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) इन्क्रेडिबल प्रिंसिपल, डा. सुनीता शर्मा (निर्मल आश्रम ज्ञानदान अकैडमी) होलिस्टिक प्रिंसिपल, डा. अमीता (एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय) मोस्ट डायनामिक प्रोफेसर, डा. शालिनी शुक्ला (आर्मी पब्लिक स्कूल) बेस्ट मैथ्स टीचर, अनिल सुन्द्रियाल होस्पिटैलिटी आइकॉन, जितेंद्र कुमार जोशी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, डा. नवीन बडोनी बेस्ट ऑर्थोपेडिक, डा. अमरनाथ पांडेय बेस्ट फिजीशियन, डा. मोहित गोयल प्रोफेसर, जनरल सर्जरी, डा. सुशील ओझा प्रोफेसर, ऑफथलमोलॉजी, डा. भावना मलिक प्रोफेसर व हेड ऑफ डेंटिस्ट्री, शोभा रावत (हिल्टन स्कूल) आउटस्टैंडिंग टीचर, मीना रावत इन्क्रेडिबल टीचर, कर्नल प्रकाश बड़ाकोटी आउटस्टैंडिंग मेंटर, निलेश थपलियाल, बुद्धी प्रकाश बडोनी, कैलाश कोठियाल, डिस्टिंग्विश्ड साइंस/मैथ्स टीचर्स, नूतन बेस्ट योगा ट्रेनर रहे। समारोह में डा. कंचन नेगी के अंतरराष्ट्रीय योगदान की विशेष सराहना की गई।

### गंगनहर पुलिस ने किया सेवानिवृत्त जिला गन्नाधिकारी से लूट का हुआ खुलासा

# दो बदमाश दबोचे, लूटी गई नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसएसपी डोबाल की अगुवाई में हरिद्वार पुलिस का अपराध पर वार करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी से लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी नकदी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार घटनाक्रम रुड़की क्षेत्र के कोतवाली गंगनहर का है जहां बुलेट सवार अज्ञात बदमाशों ने दिनांक 03.09.25 को पंजाब नेशनल बैंक रामनगर से अपनी पेंशन 40,000/- लेकर साइकिल से जा रहे बुजुर्ग से गणेश वाटिका डाकघर के सामने धक्का मुक्की कर डरा धमका कर नगदी व बैंक सम्बन्धी दस्तावेज छीन लिए। जिला गन्ना अधिकारी के पद से रिटायर हुए पीड़ित बुजुर्ग ऋषिपाल सिंह निवासी सुभाषनगर रुडकी द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर कोतवाली गंगनहर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 430/2025 धारा-309(4), 317(2),3(5) पंजीकृत किया गया। कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा जल्द खुलासे के संबंध में दिए गए



कड़े दिशा निर्देशों पर कसरत करते हुए गठित पुलिस टीम ने विभिन्न सबूत जुटाए। लुटेरों के ही हुलिये के दो युवक दिखने पर पीड़ित बुजुर्ग द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस टीम ने कॉलेज के गेट के पास से दो लडको को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से लूट

**❖नशे की लत बनी जेल जाने की राह, लूट में इस्तेमाल की गई बुलेट भी बरामद**

के दौरान इस्तेमाल की गई बुलेट मोटर साइकिल व 40,000/-नगदी बरामद की। नशे की लत को पूरा करने के लिए गुनहगार बने दोनों युवकों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। 'विवरण आरोपित- यश अग्रवाल पुत्र स्व. अमरीश अग्रवाल निवासी राजेन्द्रनगर कोतवाली गगंनहर हरिद्वार उम्र 23 वर्ष 2. शिवा सैनी पुत्र नरेश सैनी निवासी उपरोक्त, आयु 25 वर्ष है। उनसे बरामद माल-1-लूट में प्रयुक्त मो0सा0 बुलेट 2-लूटी गई नगदी 40,000/- रूपये बरामद की है। पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक आर0के0 सकलानी, व0उ0नि0 अजय शाह, उ0नि0 नवीन कुमार, उ0नि0 मुनव्वर हुसैन, म0हे0का0 बबीता, हे0का0 बृजकिशोर, कानि0 रणवीर, का0 मनमोहन, का0 राकेश राणा आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा लोगों पर रोब गालिब करने वाले एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर का बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देश किए थे उच्च अधिकारियों के आदेश पर 3 सितंबर 2025 को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान खेड़ी खुर्द निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम शुभम पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम खेड़ी खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी हेड कांस्टेबल मनोज मिनान होमगार्ड विजेंद्र कुमार शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल का निधन पुलिस महकमे में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली में तैनात कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल का आज एम्स ऋषिकेश में उपचार के दौरान निधन हो गया। दो दिन पूर्व अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके असमय निधन की खबर से संपूर्ण पुलिस परिवार शोकाकुल है।




कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल लंबे समय से जनपद में विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपने कर्तव्यनिष्ठ, सजग और व्यवहारिक स्वभाव के लिए पुलिस विभाग और आमजन के बीच अलग पहचान रखते थे। हाल ही में उनका स्थानांतरण मंगलौर कोतवाली से सिविल लाइंस कोतवाली में हुआ था। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने कहा कि "अरविंद बर्थवाल एक समर्पित और अनुशासित पुलिसकर्मी थे। उनके निधन से विभाग को अपूरणीय क्षति हुई है। इस कठिन समय में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं। अरविंद बर्थवाल का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव, जनपद टिहरी गढ़वाल में किया जाएगा। उनके निधन पर एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोभाल, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, सीओ रुड़की नरेंद्र पंत, सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## अंजुमन गुलामाने ने जश्न-ए-खैरुल वरा पर बांटे फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रुड़की चौप्टर) द्वारा ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर आयोजित किए जा रहे 'जश्न-ए-खय्रुल वरा' के दूसरे दिन आज शहर के प्रमुख अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह नेक कार्य मरीजों और उनके तीमारदारों को ताजगी और राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आज के इस फल वितरण कार्यक्रम का प्रारंभ सबसे पहले रुड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को ताजे फल वितरित करके किया गया। इसके बाद, आजाद नगर चौक पर स्थित अन्य चार अस्पतालों में भी अंजुमन के सदस्यों द्वारा फल वितरण का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। इस पहल का उद्देश्य मरीजों को शारीरिक और मानसिक रूप से राहत देना था, ताकि वे अपने उपचार के दौरान बेहतर महसूस कर सकें। कार्यक्रम संयोजक अमजद उस्मानी ने बताया, "हमारा उद्देश्य केवल धार्मिक जश्न मनाना नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना है। मरीजों को फल वितरित करके हम उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से भी ताकत देने का प्रयास कर रहे हैं। फल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी शहजाद अहमद, गुड्डू साबरी, जुल्फिकार अहमद, आदिल गौड़, नसीम मलिक, शाहिद नूर, रिजवान अली, मुहम्मद फरमान, विक्रांत कश्यप, रामपाल सिंह, देवेन्द्र वर्मा, रफी सलमानी, गौरव बंसल,सुहैल खान, मेहरबान अली और आरिफ नियाजी आदि उपस्थित



रहे। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा और महत्त्व प्रदान किया और इस नेक कार्य को और भी प्रभावशाली बना दिया। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी कुंवर शाहिद ने इस अवसर पर कहा, "ईद मिलादुन्नबी का यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक अवसर है। फल वितरण के जरिए हम अपने शहरवासियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारे दिलों में इंसानियत और एकता की भावना होनी चाहिए। इस तरह के आयोजन समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। **स्वास्थ्य विभाग का सहयोग:** कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने इस फल वितरण कार्यक्रम के संचालन में अपनी सहायता प्रदान की। अस्पतालों में मरीजों और उनके तीमारदारों तक फल पहुँचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि यह कार्य बिना किसी रुकावट के संपन्न हो सके। कोषाध्यक्ष अमजद मालिक ने बताया की फल वितरण कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यह केवल एक साधारण वितरण नहीं था, बल्कि इसमें मानवता और सेवा का संदेश छिपा था। अंजुमन के वालंटियर्स ने सीरत-ए-नबी ध के अनुसार दूसरों के लिए खुदा की राह में सेवा को सर्वोच्च माना और इसे अपने कर्तव्यों के रूप में निभाया। इस पहल के माध्यम से समाज में अमन, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है।

## बाढ़ से ग्रामीणों का छलका दर्द कहीं और बसाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के जोग्गा वाला गांव में किसानों एवं ग्रामीणों का बाढ़ के कारण दर्द छलक रहा है वह सरकार से कहीं और बसाने की मांग कर रहे हैं। जोग्गा वाला निवासी इंतजार पठान ने कहा कि हमारे गांव में 2010 से लगातार बाढ़ आ रही है जिससे फसल भी नहीं हो रही है और गांव में भी हर वक्त बाढ़ के कारण पानी रहता है जिससे हमारा रोजगार भी ठप हो गया है। हम अपने बच्चों को पढ़ने में भी नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने कहा अगर यही हाल बाढ़ का रहा तो एक दिन जोग्गा वाला गांव केवल नक्शे में ही दिखाई देगा मौके पर कुछ नहीं दिखाई देगा। सुभाष चौधरी ने कहा कि 2010 से हम अपने खेतों से फसल भी नहीं काट पा रहे हैं क्योंकि बरसात के बाद हम अपनी जमीन को तैयार करके फसल तैयार करने की कोशिश करते हैं फिर बरसात आती है और सारी फसल नष्ट हो जाती है इसके लिए सरकार को हमारी तरफ ध्यान देना चाहिए और हमें जायज मौजा दिया जाए जिससे हम अपने बच्चों को पाल व पढ़ा सके साबर अली ने कहा कि हमारे गांव में सरकार की ओर से अभी तक कोई भी सहायता नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा अगर सरकार हमें यहां से उठाकर केवल हमें घर की जमीन कहीं और दे दे तो वहां पर रहकर हम मजदूरी कर लेंगे और अपने बच्चों को रोजी-रोटी एवं पढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा आज भी हमारे गांव में कच्चे घर बने हुए हैं और पन्नी घर ऊपर डाल रखी है जिसमें अपने पशु बांध रखे हैं।

## कांग्रेस पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने जिलाध्यक्ष पर कार्यकर्ताओं से किया राय-मशवरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस एवं हरिद्वार ग्रामीण के पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने भगवानपुर का दौरा किया। भगवानपुर पहुँचे राजेश तिवारी का भगवानपुर विधायक ममता राकेश व कोंग्रेसी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पर्यवेक्षक ने कार्यक्रम में पहुँचे कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला ।इस दौरान बड़ी संख्या में कोंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे विधायक ममता राकेश ने कहा कि संगठन सृजन अभियान पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिशा-निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। पहले इसका निर्णय सीधे हाईकमान और प्रदेश स्तर पर लिया जाता था, लेकिन अब ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में राजेश तिवारी को रुड़की ग्रामीण क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनके साथ सहयोगी के रूप में मदन लाल (अध्यक्ष, एससी प्रकोष्ठ उत्तराखंड अनुसूचित जाति), वीरेंद्र प्रताप और मनोज नौटियाल कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर रहे हैं। प्रक्रिया के अनुसार,



जिला अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के नाम कार्यकर्ताओं से बातचीत कर जुटाए जाएंगे और छह नामों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर से जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होगी। ममता राकेश ने कहा कि संगठन की कमजोरियों को दूर करने और बूत स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि जो भी जिला अध्यक्ष बनेगा, उससे अपेक्षा होगी कि वह अपनी कमेटी का विस्तार करे और मतदाताओं से सीधा जुड़े। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस नए बदलाव से संगठन मजबूत होगा और स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ और गहरी बनेगी।

## नपं झबरेड़ा बोर्ड बैठक में एक करोड़ रुपये का बजट पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नगर पंचायत झबरेड़ा में आयोजित बोर्ड बैठक में कस्बे में क्षतिग्रस्त सड़के तथा नालीयो को बनाने के लिए लगभग एक करोड रुपए का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा कस्बे में फल सब्जी ठेली वालों पर लगने वाली तहबाजारी समाप्त कर दी गई। बोर्ड बैठक में जहां एम्बुलेंस व नगर पंचायत बारात घर का किराया कम करते हुए राहत दी गई वहीं वहीं दूसरी ओर कस्बे वासियों पर हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया।नगर पंचायत में हुई बोर्ड बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष तथा सभासदो की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए ।कस्बे में टूटी हुई नाली व कुछ सड़के बनाई जाने के लिए लगभग एक करोड रुपए का प्रस्ताव पास किया गया। नगर पंचायत एंबुलेंस का किराया झबरेड़ा से रुड़की के लिए जो पहले 800 था उसे कम करते हुए ₹600 किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के पास ही बना नगर पंचायत बारात घर का किराया भी जो पहले 2500 प्रति दिन था उसे घटाकर ₹2000 किया गया है। कस्बे के बाजार में तथा बस अड्डे पर लगाई जाने वाली फल व सब्जी आदि की ठेली व रेहडी पर लगने वाली तह बाजारी पूरी तरह से समाप्त कर दी गई। कस्बे वासियों पर लगने वाला ग्रह कर 10% बढ़ाया गया है। कस्बे में स्थित दुकानों व मकानो पर लगने वाला ग्रह कर बढ़ाए जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी का कहना है कि गृह कर बढ़ाए जाने का प्रस्ताव सभी सभासदों की सहमति से किया गया है। इस संबंध में अभी कस्बे वासियों को नोटिस भेज कर आपत्ति मांगी जाएंगी आ पत्तियो आने पर उनकी सुनवाई होने के बाद ही प्रस्ताव पास कर बढाया गया गृह कर लागू किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत सभासद जसवीर सिंह सलमान सत्तार अनुज सैनी नीतीश सिंघल शुभम गोयल मोहम्मद मन ओमपाल सिंह राजेंद्र कुमार अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

## सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, चलना हुआ मुहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग सड़क पर जगह-जगह कई स्थानों पर गड्ढे हो जाने से सड़क पर चलना दूभर हो गया है। कहीं-कहीं पर बड़े गड्ढे होने के कारण छोटे वाहन बाइक आदि चालकों की मुश्किल बढ़ गई है। उक्त सड़क मार्ग पर बने गड्ढे शीघ्र ठीक करने की मांग क्षेत्रीय विधायक से की गई है।

झबरेड़ा से गुरुकुल मार्ग की लंबाई लगभग 16 किलोमीटर है ।इस सड़क मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन आते जाते हैं। यह पूरा ग्रामीण क्षेत्र का इलाका है। इस सड़क मार्ग पर पड़ने वाले ग्राम कोटवाल आलमपुर श्यामपुर साढौली ग्राम माजरा शेरपुर खेलमऊ लखनोता रामनगर आदि कई गांव लगे हुए हैं ।इन गांवों के अलावा गुरुकुल से लखनौता व देवबंद से झबरेड़ा सहारनपुर इकबालपुर आने वाले प्रतिदिन छोटे बड़े हजारों वाहनों का आना जाना होता है। लंबे समय से बरसात होने के कारण इस उक्त सड़क मार्ग की मरम्मत का कार्य भी बंद होने के कारण सड़क पर कई स्थानों पर छोटे व बड़े गड्ढे हो गए हैं। क्षेत्रवासी बालू अहमद विक्रम सिंह राजवीर सिंह भूरा अहमद तेजपाल सिंह प्रदीप त्यागी ईशम सिंह ईश्वर त्यागी अरविंद कुमार आदि का कहना है कि बरसात का मौसम बंद होते ही झबरेड़ा भक्तों वाली इकबालपुर आदि स्थानों पर गन्ना कोलहूओ मैं गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो जाने से इस उक्त मार्ग पर गन्ने से भरे वाहनों ट्रैक्टर बोगी तथा ट्रैक्टर ट्राली आदि का आना-जाना शुरू हो जाता है। सड़क मार्ग पर गड्ढे होने के कारण किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त किसानों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति से मिलकर उन्होंने उक्त सड़क मार्ग पर बने गड्ढे संबंधित विभाग से शीघ्र ही ठीक करने की मांग की गई है। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति का कहना है कि बारिश समाप्त होते ही उक्त सड़क मार्ग पर जो गड्ढे बने हैं उन्हें संबंधित विभाग से कहकर शीघ्र ही ठीक कर दिए जाएंगे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वसीम व इसकी पत्नी श्रीमति शबाना का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**नूर हसन पुत्र दीन मौहम्मद, नि. ग्राम भगवानपुर चंदनपुर, थाना को0 मंगलौर, जिला हरिद्वार।**

## नहर पटरी पर मिला शव

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स के दौरान ब्रस्पतिवार को दोनों गंग नहरों के बीच वाली पटरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव देखकर राहगीरों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।और शव को कब्जे लिया। इस दौरान लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर।**

अपील नं0-1144 सन् 2024

श्रीमति अंजुम पत्नि सलीम खां निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

....... अपीलांट

**बनाम**

1. अलीम पुत्र रफीक खां निवासी मौहल्ला खेडा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी गली नं0 16 रामपुर चुंगी, डाकखाना खास, रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड), 2. मैराज पुत्र स्व0 साबिर, 3. श्रीमति रूखसाना विधवा साबिर समस्त निवासीगण निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

........रैस्पोन्डेन्टस

चूंकि उपरिनामांकित अपीलान्ट ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि आपके विरूद्ध धारा 5 लिमिटेशन एक्ट के अन्तर्गत अपील दायर किया है। अत: एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 09 के 16 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह मे स्वयं या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तरजात हो और ऐसा न करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 09 के 03 दिवस को निकाली गयी।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/न्यायाधीश**

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर।**

अपील नं0-1145 सन् 2024

श्रीमति अंजुम पत्नि सलीम खां निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

............ अपीलांट

**बनाम**

1. अलीम पुत्र रफीक खां निवासी मौहल्ला खेडा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी गली नं0 16 रामपुर चुंगी, डाकखाना खास, रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड), 2. मैराज पुत्र स्व0 साबिर 3. श्रीमति रूखसाना विधवा साबिर समस्त निवासीगण निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा, कस्बा पुरकाजी, परगना पुरछपार, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

...........रैस्पोन्डेन्टस

चूंकि उपरिनामांकित अपीलान्ट ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि आपके विरूद्ध धारा 5 लिमिटेशन एकट के अन्तर्गत अपील दायर किया है। अत: एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 09 के 16 दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह मे स्वयं या सम्यक रूपक अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तरजात हो और ऐसा न करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 09 के 03 दिवस को निकाली गयी।

**आज्ञा से**
**मुन्सरिम/न्यायाधीश**


### बीएसएम इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के शिविर का आयोजन

# विपरीत परिस्थिति में जीवन जीने की कला सीखेंगे: रजनीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर के तीसरे दिन टेंट पिचिंग और पाक कला के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रतिभागी सभी स्काउट और गाइड स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने संस्थान में स्वागत किया।

स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए कहा की की स्काउट शिविर में सभी स्काउट और गाइड विपरीत परिस्थिति में किस प्रकार जीवन जीना है और किस प्रकार हर परिस्थिति के लिए अपने आप को तैयार करना है वह आप इस शिविर में सीखेंगे। आप सब ने देखा है की किस प्रकार धराली आपदा में स्काउट और गाइड ने जरूरतमंदों को सहायता सामग्री पहुंचाई और उनकी हर संभव मदद की दोनों अतिथियों ने सभी स्काउट गाइड को अपनी शुभकामना दी। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती और कीर्ति शेष स्वर्गीय श्री मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कार्यक्रम को विधिवत रूप से शुरू करने की आज्ञा दी कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से शुरू हुआ जिसमें कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। उसके बाद स्वागत गीत और उसके बाद एक नृत्य गीत का आयोजन आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा किया गया कार्यक्रम में स्काउट गाइड ने स्काउट ताली और स्पेशल ताली बजाकर अतिथियों



का और कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाली गाइड का शानदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में स्काउट और गाइड द्वारा बनाए गए भोजन का आनंद भी लिया और उनके द्वारा बनाए गए टेंट का भी निरीक्षण किया टेंट बीएसएम इंटर कॉलेज के स्काउट द्वारा बनाया गया था जिसमें अलग-अलग गैजेट्स भी बनाए गए थे। मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और सभी स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन को आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजन करने के लिए उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने स्काउट और गाइड के छात्रों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के विद्वान प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए कहा की स्काउट गाइड के सिद्धांतों को अपना कर एक स्काउट और गाइड अपने समाज अपने विद्यालय और अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करते हैं और विकट परिस्थितियों में किस तरह जीवन को जीना है यह स्काउट और गाइड से बेहतर कोई संस्था नहीं सिखा सकती आप यहां 5 दिन के शिविर में नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना गीत सिद्धांत ध्वज शिष्टाचार और अनुशासन को सीखेंगे और किस तरह अनुशासन आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन का धन्यवाद किया और सभी स्काउट और गाइड को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया और दूसरे विद्यालयों से आए स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने विद्यालय में स्वागत किया। शिविर संचालिका श्रीमती शशि लता जैन जी ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहां की आप आगे भी हमें अपना आशीर्वाद इसी प्रकार देते रहेंगे ऐसी हम आशा करते हैं। इस अवसर पर अंजलि सोनिया सिंह वंदना वर्मा बबीता त्यागी रश्मि गुप्ता लता रानी मीनाक्षी रावत मंजू देवी गीता मेहंदी रत्ता अमित शर्मा शाहिद बानो गीता मनपाल छवि रानी नीतू शर्मा रीता मैडम आदि उपस्थित रहे शिविर में तीसरे दिन 207 बच्चों ने प्रतिभाग किया मंच संचालन विशाल कुमार शर्मा ने किया।

माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं







# नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है सरोवर नगरी की नयना देवी मां

■ ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्थापना दिवस पर शाह वंशज गर्भ गृह में करते हैं पूजा

■ 1880 में विनाशकारी भूस्खलन के कारण धवस्त हो गया था मूल देवी का मंदिर



**अफजल फौजी, नैनीताल।** उत्तराखंड में पुरातनकाल से ही मां नंदा देवी को कुल देवी का दर्जा प्राप्त है। नैनीताल स्थित मा नयना देवी को जहां मां नंदा देवी का प्रतिरूप माना जाता है। कुमाऊं में सबसे पुराने नंदा देवी मंदिर की मान्यता अल्मोड़ा के मंदिर को मिली है। लेकिन नैनीताल की नयना देवी मंदिर को भी भारी ख्याति मिली है। नैनीताल की नयना देवी मां नव दुर्गा के रूप में पूजी जाती है। नैनीताल में वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में की गई इससे पूर्व यह मंदिर वर्तमान बोट हाउस क्लब के पास था लेकिन 1880 में आये विनाशकारी भूस्खलन के कारण यह मंदिर धवस्त हो गया था। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में करने के बाद। मंदिर का स्वरूप विस्तार पाता चला गया। आज इस मंदिर के दर्शनों के लिए देश-विदेश से लोग यहां आते हैं। इस वर्ष मंगलवार को नयना देवी मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष श्री नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से पांच दिवसीय मां नयना देवी जन्मोत्सव व नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी चौथे दिनों से मनाया जा रहा है।मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को विशेष पूजा होती है। स्थापना दिवस पर मंदिर के पुर्नसंस्थापक स्व. मोती राम शाह वंशज नयना देवी मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा करते हैं। मंगलवार को मंदिर का 136 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके लिए उदय साह नयना देवी मंदिर ट्रस्ट ने पूरी तैयारी की है। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शाह वंशज गर्भगृह में नयना देवी की मूर्ति की विशेष पूजा करेंगे। इसके बाद हवन यज्ञ के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मान्यता है कि कुमाऊं को ईस्ट देवी गौरी के साथ नंदा का आगमन हुआ। नंदा चन्द वंशीय राजाओं की कुलदेवी है। कुमाऊं में नंदा के कई मंदिर है। जिनमें नैनीताल का नयना देवी मंदिर भी शामिल है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का त्रिऋषि सरोवर के रूप में उल्लेख होना इसकी पौराणिक महत्ता को दर्शाता है। दरअसल स्थापना दिवस के साथ ही नंदा देवी का जन्म भी ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को माना जाता है। इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मनाने की परंपरा है। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1883 में ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. मोती राम साह ने अंग्रेजों से सवा एकड़ भूमि लेकर की थी। पूर्व में यह मंदिर बोट हाउस क्लब के पास था। 18 सितम्बर 1880 को आल्मा पहाड़ी में हुए भयंकर भूस्खलन के कारण मूल मंदिर ध्वस्त हो या था। लिहाजा इस मंदिर के अवशेषों को लेकर ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को स्व. शाह ने वर्तमान मंदिर की स्थापना की। पौराणिक महत्व प्राप्त इस मंदिर में स्थापित नयना देवी की प्रस्तर मूर्ति काले पत्थर की नेपाली शैली में बनी है। मंदिर परिसर में मंदिरों का आकार गौथिक व नेपाली पगौड़ा शैली में बने है। मंदिर परिसर में स्थित भैरव व नयना देवी मंदिर एक ही शैली में निर्मित है। जबकि नवग्रह मंदिर ग्वालियर शैली में निर्मित किये गये है। अपने सुन्दर स्वरूप में नैनी झील से लगे इस मंदिर के दर्शन ही अलौकिकता का अनुभव कराता है।

## नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता

**नैनीताल।** नयना देवी को शैल पुत्री व सती की भी मान्यता है। स्कंद पुराण के मानस खंड में नैनीताल का जिक्र त्रिऋषि सरोवर के नाम से है। शिव पुराण के रूद्र संहिता के सती खंड के मुताबिक जब सती के पिता दक्ष प्रजापति ने कनखल हरिद्वार में महायज्ञ का आयोजन किया तो सती के पति भगवान शिव को इस यज्ञ में नहीं बुलाया। दरअसल दक्ष प्रजापति शिव-सती के विवाह से नाराज थे। पिता द्वारा शिव को नहीं बुलाये जाने पर क्रोधित सती महायज्ञ में पहुंच गई। जब महायज्ञ में हवन हो रहा था तो क्रोधित सती हवनकुंड में प्रवेश कर लिया। जिससे सती अर्द्धभस्म हो गई। जब इसका पता शिव को लगा तो वह तांडव करते महायज्ञ स्थल पर पहुंच गये। सती के अर्द्धभस्म काया को लेकर वह कैलास की ओर आ गये। शिव के इस रूप से चिंतित विष्णु भगवान ने सती की काया को कई हिस्सों में विभाजित कर दिया। माना जाता है कि इस स्थान सती की काया का बांया आंख गिर गया। इस स्थान पर नयना अर्थात नैना के आकार की झील बन गई। इसी से प्रेरित नैना या नयना मंदिर स्थापित हुआ।

## गढ़वाल से कुमाऊं में शक्ति के रूप में किया है मां नंदा ने पर्दापण

**नैनीताल।** उत्तराखंड के गढ़वाल में देवी रूप में नंदा को पूजा जाता है। कुमाऊं में यही देवी नंदा-सुनंदा के रूप में पूजी जाती है। इतिहास में इसका रोचक वर्णन है। इतिहासविद् प्रो. अजय रावत के अनुसार जब 17 वीं शताब्दी में चन्द राजा बाजबहादुर के राज्य में रोहिलों व अंग्रेजों की ओर से राज्य हड़पने की कोशिश की जा रही थी तो राजा बाजबहादुर गढ़वाल के परमार वंशीय शासक पृथ्वीपद शाह से सहायता मांगने पहुंचे तब पृथ्वीपद शाह से राजा को यह भी ज्ञात हुआ की मां नंदा की पूजा करने के कारण उन्हें दुश्मनों का कोई भय भी नहीं है। गढ़वाल के राजा ने बाजबहादुर चन्द को सुझाव दिया कि वह नंदा की प्रतिमा को लेकर कुमाऊं में स्थापित करें। राजा प्रतिमा को लेकर जब गढ़वाल से लेकर बैजनाथ बागेश्वर पहुंचे और कोट नामक स्थान पर उन्होंने रात्रि विश्राम किया। जब सिपाहियों ने देवी प्रतिमा को उठाने की कोशिश को तो प्रतिमा दो भागों में विभाजित हो गई। तब राजा ने दोनों प्रतिमाओं को अल्मोड़ा में स्थापित करवाया और इन्हें नंदा सुनंदा का नाम दिया गया।

## शास्त्रों व पुराणों में भी है नंदा के नाम का उल्लेख


**नैनीताल।** मंदिर पुरोहितों का कहना है कि नंदा देवी का उल्लेख शास्त्रों व पुराणों में भी है। गिरीराज हिमाचल के यहां वह नंदा-सुनंदा के नाम से जानी जाती है, वहीं देवी संसार में सताकक्षी, शाकांबरी, दुर्गा, परांबा, भीमादेवी व भ्रामरी आदि के नामों से पूजी जाती है। उत्तराखंड में परांबा ही नंदा देवी है। सती का नेत्र गिरने से यही नैना देवी कही गई। नैना के नाम से ही नैनीताल नाम हुआ। ताल का स्वरूप आंखों की तरह है यहां यह नयना देवी कहलाई।



















# तर्कसंगत जीएसटी

केंद्र सरकार ने जो अब वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में जो सुधार किया है, उसका विपक्षी दल कांग्रेस ने भी स्वागत किया है। नए सुधार में अब चार की जगह केवल दो स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। इस राहत के चलते आम जरूरत की चीजें साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी को लेकर काउंसिल की 56वीं मीटिंग में फैसला लिया गया है। इस मीटिंग की संख्या बताती है कि सरकार ने पहले भी इसमें सुधार करने की कोशिश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार नए जीएसटी नियमों में राहत से दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इतना ही नहीं 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों की दवाएं टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम और तंबाकू प्रोडक्ट पर अब 28 की जगह 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। यह नया स्लैब नवरात्रि के पहले दिन यानि 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। होटलों के कमरों की बुकिंग पर जीएसटी अब 12 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन वह तब है जब कमरे का किराया प्रतिदिन 7.5 हजार रुपये या उससे कम हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जो नया स्लैब सरकार ने बनाया है, वह काफी सराहनीय है और इसमें आम आदमी का काफी ध्यान रखा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भी सरकार की इस पहल को सही बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि यह पर्याप्त नहीं है और अभी इसके अनुपालन की जटिलताओं को खत्म कर और जनुपयोगी बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जीएसटी को लेकर काफी मुखर रही है और सरकार ने जिस तरह की नीतियां जीएसटी को लेकर बनाई थी उसकी आलोचना करती रही है। 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में भी कांग्रेस ने सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हालांकि कांग्रेस मानती है कि जिस जीएसटी का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, उसे कांग्रेस ही 28 फरवरी 2005 में लोकसभा में लेकर आई थी और 2011 में जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी यह विधेयक लेकर आए, तब भाजपा ने उसका विरोध किया था। खड़गे ने कहा कि आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी संग्रहण का जश्न मनाती है जैसाकि टैक्स वसूलकर उसने बहुत बड़ा काम किया हो। खड़गे ने यह भी बोला कि पिछले पांच सालों में आयकर वसूली में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जीएसटी में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, लेकिन खड़गे ने यह कहकर सरकार की सराहना भी की कि दूर आयद दुरुस्त आयद। आठ वर्ष बाद ही सही जीएसटी पर मोदी सरकार की कुंभकर्णी नींद खुली और उसने जागकर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की बात की। इसमें कोई दोराय नहीं कि कानून कितना भी अच्छा हो, नियम कितने भी अच्छे हों, अगर वह आम लोगों के हित में नहीं हैं, तो उनका कोई लाभ नहीं होता। सरकार भले ही जीएसटी का बचाव समय-समय पर करती रही हो, लेकिन इसको लेकर जो जटिलताएं थीं, विशेषकर छोटे व्यापारियों के लिए इसको लेकर सरकार का विरोध समय-समय पर होता रहा है। जानकार लोग भी जीएसटी की जटिलता को लेकर सरकार को घेरते रहे हैं।

## रोजगार से खुशहाली आती है



व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था, आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जब सुरक्षा का माहौल बनता है, तो निवेश आता है, निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं, रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है, जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया, बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# नबी की शिक्षाओं पर चलकर हो सकती है समाज की तरक्की





**अमीर खान**

सैकड़ों वर्ष पूर्व शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 12 रबी-उल अव्वल 570 ई. को मक्का मुकर्रमा में कुरैश परिवार की एक साधारण और नेक महिला हजरत आमना के यहां एक ऐसा बालक भी पैदा होगा जो बड़ा होकर आखिरी नबी के रूप में न केवल मुसलमानों बल्कि इन्सानियत और ईमान में विश्वास रखने वाले हर इंसान के दिलों में राज करेगा और जिसके जीवन पर दुनिया में शोध चलता रहेगा। कौन नहीं जानता कि आज भी दुनिया हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की सुन्नतों पर शौध रहे हैं और दुनिया अपनी तरक्की के लिए उनकी सुन्नतों को अपना रही है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि खतना (सुन्नत) द्वारा दुनिया की सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी एड्स से बचा जा सकता है तथा उनकी सुन्नत पर चलकर अन्य बीमारियों से भी बचा जा रहा है। मेरा मानना तो यह है कि सुन्नते रसूल जीने का एक ऐसा ढंग है जो शैतान को भी इंसान बना सकता है मगर अफसोस इस बात की है कि जिस नबी की सुन्नतों पर चलकर लोग जीने का ढंग सीखने मे लगे हैं आज उसी नबी में उम्मती इस्लाम को फिरकों में बांटकर खुद इस्लाम को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कोई शिया तो कोई सुन्नी और कोई देवबन्दी तो कोई बरेलवी बनकर अपनी पहचान बनाने में सक्रिय है। आखिर क्या कारण है कि एक इस्लाम, एक कुरआन और एक रसूल को मानने वाले सुन्नी और शिया क्यों हो गए। सुन्नी और शिया दोनों ही वाकयाए करबला के लिए यजीद को दोषी मानते हैं। फिर नबी की पैदाईश व वफात को लेकर मतभेद दोनों में क्यों? एक कुरआन एक नबी को मानने के बावजूद भी हम देवबंदी, बरेलवी, वहाबी आदि क्यों? क्या कभी हमने सोचा है कि सुन्नते रसूल पर हम चल भी रहे हैं या नहीं? क्या हम रसूल को शिक्षाओं को वास्तविक रूप से अपना रहे हैं या फिर हम सिर्फ रसूल की उम्मत में होने का ढिंढोरा ही पीटकर अपना कर्तव्य निभा रहे हैं? जरा सोचिए क्या हम वास्तव म

सुन्नते रसूल पर चलकर स्वयं को विश्व का आदर्श नागरिक साबित क रहे हैं। उत्तर के लिए यदि स्वयं की आत्मा को खोजें तो आवाज यही आएगी कि हम नबी के आदर्शों पर नहीं वरन उनकी उम्मत में होने का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि हम यह भली भाति जानते भी हैं कि नबी की पैदाईश से पहले दुनिया में अधिकतर लोग जाहलाना जीवन जी रहे थे। चारों तरफ पाप की दुनिया का विस्तार हो रहा था। लोगों को खुदा के बारे में सही जानकारी ही नहीं थी कि खुदा एक है और यह पूरी प्रकृति उसी की नियामत है। इस सब की सच्चाई बताने के लिए खुदा ने नबी को पैगम्बर बनाकर दुनिया में भेजा था। उनको नबुवत मिलते ही दुनिया खुदा को एक मानने लगी। पापों की जिन्दगी से अपना नाता तोड़ने लगी। भाई को भाई से प्यार बढ़ता गया। दुनिया में सच्चाई का आईना साफ होने लगा। मगर इस चौदहवीं सदी यानि कलयुग में फिर सब स्वार्थी हो गए और हमने मुहदम्मद स. की सुन्नतों को सिर्फ अपना सुरक्षा कवच समझ लिया, जबकि होना तो यह चाहिए कि नबी की सुन्नतों पर चलने वाला हर इन्सान फिर चौदह सो साल पुरानी नबी जिन्दगी को अपनाकर देखे तो निश्चित रूप से हमारा दीनी व दुनियावी विकास संभव हो सकेगा। मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल (विवाह) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा। इसलिए मैं यही कह सकता हूं कि वर्तमान सन्दर्भ में पैगम्बर-ए-इस्लाम के विच. ारों को प्रासंगिता पर यदि गंभीरता से विचार किया जाए,

**मेरी इस सोच का यह अर्थ कतई नहीं है कि मैं आधुनिकता या वैज्ञानिक तकनीकी का विरोधी हूं बल्कि मेरा आश्य यह है कि यदि हम चौदह सौ साल पुरानी नबी की सोच को अपनाएंगे तो निश्चित रूपसे हम वैज्ञानिक सोच को भी स्वीकरेंगे, क्योंकि विज्ञान उस समय भी क्रियाशील था, जिसके कई उदाहरण आज सामने हैं। रही आधुनिकता की बात तो नबी ने ही महिलाओं को अधिकार देकर आधुनिकता की मिसाल कायम की थी। क्योंकि उनसे पहले तो महिलाओं को कोई अधिकार ही नहीं था, लेकिन उन्होंने निकाल ( विवाह ) में महिला की स्वीकृति पुरुष से पहले दिलाकर उसके अधिकार को बढ़ा दिया। साथ ही उसको पैतृक सम्पत्ति में भी हिस्सेदार होने का अधिकार दिया। यदि मैं अपने इस आलेख में नबी की खूबियों का वर्णन करने लगूं तो शायद मेरा यह जीवन भी छोटा रह जाएगा।**

तो एक ही जवाब आएगा कि हर समस्या का समाधान सुन्नत-ए। रसूल द्वारा सरलता से किया जा सकता है या यूं कहिए कि वर्तमान युग में जहां एक ओर भाई-भाई की जान का दुश्मन बन रहा है तो वहीं हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की शिक्षाओं पर चलकर जन-जन तक मोहब्बत का पैगाम फैलाया जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता, चिंतक व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं, मो. 9359207069)

**आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिए टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशास. निक अधिकारी बनाने का सपना संजोए रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामा. जिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा। राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है।**

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक



**योगेश कुमार गोयल**

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है।

आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे। दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षकों का प्रयास और रच दिया इतिहास



**नदीम सिद्दीकी**

बूंद बूंद से घड़ा भरना, ए कहावत हम सब ने अपने बचपन में पढ़ी है और कई बार सुनी भी है, लेकिन इसे वास्तविकता के धरातल पर उतार कर पूरा कर दिखाया है टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने। यह टीम अपनी एकता और सहयोग की भावना से आज सिर्फ रु. 15 के सहयोग से एक दुखी परिवार को 50 लाख रुपए से ज्यादा की रकम सिर्फ दस दिन में भेज देती है । हर महीने 20 शिक्षकों के परिवारों को 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद इस टीम के प्रयास से की जा रही है। भारत में पहली बार कोई संस्था, इस प्रकार का पुनीत कार्य इतने बड़े स्तर पर कर रही है। आज उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में इस संस्था का विस्तार हो चुका है और शीघ्र ही भारत के अन्य राज्यों में यह सेवा और सहयोग का इतिहास रचने जा रही है ।

2020 में विश्व भर में कोरोना महामारी के बाद नए नए परिवर्तन और प्रयोग हुए हैं । उन्हीं दिनों एक बेहद सफल प्रयोग प्रयागराज के शिक्षक विवेकानंद ने किया जब उन्होंने अपने चंद साथियों सुधेश पाण्डेय, संजीव रजक, डॉ. फरुंख हसन, बबीता वर्मा, अंकिता शुक्ला, विवेक, सुमन, अनिल, अवनीश, अखिलेश, विपुल आदि के साथ मिलकर एक संस्था का निर्माण किया और उसका नाम टीचर्स सेल्फ केयर टीम रखा। संस्था का उद्देश्य था कि कोरोना महामारी के बाद इस संस्था से जुड़े शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार की आर्थिक मदद करना। जब संस्था से मात्र 2000 शिक्षक ही जुड़े थे तब प्रयागराज के एक शिक्षक शकील अहमद का आकस्मिक निधन हुआ और वह भी इस टीम के सदस्य थे। संस्था से जुड़े अन्य सदस्यों ने उनके परिवार को सीधे उनके खाते में मदद भेजी जो की पहली बार में ही साढ़े सात लाख रुपए से ज्यादा की थी। उत्तर प्रदेश के इतिहास में इस प्रकार की यह पहली मदद थी। जिस की तेजी के साथ पूरे प्रदेश में चर्चा हुई और टीम ने शिक्षकों को स्कूल में जा कर संस्था से जोड़ना शुरू कर दिया। वहां से शुरू हुआ यह सिलसिला, आज बड़े एक वट वृक्ष का रूप ले चुका है। जो संस्था केवल 2000 शिक्षकों के साथ शुरू हुई थी, आज पांच साल बाद उत्तर प्रदेश में इसके चार लाख 12 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। उत्तर प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर इससे जुड़े हैं। यही नहीं शिक्षा विभाग के क्लर्क, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनुद. ेशक, शिक्षामित्र और खंड शिक्षा अधिकारी समेत कई पदों पर कार्यरत कर्मचारी इस संस्था के सदस्य हैं। यह सब हर महीने अपने दिवंगत शिक्षक परिवारों की मदद, सीधे उनके परिवार के खाते में पैसे भेज कर करते हैं। 5 साल के अल्पकाल में ही 396 शिक्षक परिवारों को लगभग 168 करोड़ से ज्यादा की मदद इस संस्था की अपील पर की जा चुकी है। माइक्रो मैनेजमेंट की बेहतरीन मिसाल के साथ बिना किसी स्वार्थ और पारदर्शी तरीके से यह संस्था, अपने सदस्यों के परिवारों की लगातार मदद कर एक नया इतिहास रच रही है । इस संस्था से जुड़ने के बाद केवल एक नियम का पालन करना होता है कि प्रत्एक सदस्य को हर महीने सहयोग करना जरूरी है। टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य की मृत्यु होने पर प्रदेश कोर टीम उस दिवंगत शिक्षक के सभी सहयोग चेक करके उसको वैधानिक घोषित करती है। साथ ही दिवंगत शिक्षक द्वारा बनाए गए नॉमिनी का अकाउंट नंबर अपनी वेबसाइट, एप और व्हाट्सएप के हर जिला ग्रुप पर जारी करती है। हर महीने की 15 तारीख को सहयोग शुरू होता है और 25 तारीख को खत्म हो जाता है। सभी सदस्य 20 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों के अकाउंट नंबर में सीधे मात्र रु. 15 का सहयोग किसी भी एप द्वारा करते हैं और अपनी रसीद टीचर्स सेल्फ केयर टीम की वेबसाइट पर अपलोड कर देते हैं। जिससे हर परिवार को 50 लाख से ज्यादा की धनराशि केवल 10 दिन में ही प्राप्त हो जाती है । इस तरह हर महीने कुल मिलाकर 10 करोड़ से ज्यादा की रकम बेहद पारदर्शी तरीके से सीधे बीस परिवारों के अकाउंट में पहुंच जाती है। उत्तर प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां के दिवंगत शिक्षक के परिवार का सहयोग इस संस्था ने अब तक ना किया हो। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में इस संस्था की टीम निस्वार्थ भाव से अपना कार्य करती है जिसके लिए ना तो उसे कोई वेतन मिलता है ना ही कोई पारितोषिक मिल पाता है।

उनका इनाम मदद के बाद उन परिवारों के दुखी चेहरे पर आने वाली मुस्कुराहट है जिनका कमाने वाला इस दुनिया से चला जाता है और घर का खर्च चलना भी मुश्किल हो जाता है। मुजफ्फरनगर जिले से डॉक्टर फरुंख हसन, जो इस बड़ी संस्था में प्रदेश संगठन मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं, उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के भी आठ दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों का लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपए का सहयोग टीएससीटी द्वारा किया जा चुका है । अगले महीने दो और दिवंगत शिक्षक के परिवारों की लगभग एक करोड़ से ज्यादा की सहायता की जाएगी । संस्था की खासियत उसकी पारदर्शी व आसान व्यवस्था है । संस्था स्वयं अपने खाते में कुछ नहीं लेती बल्कि शिक्षक के परिवार का अकाउंट नंबर जारी करती है , जिसमें सदस्यों को खुद सीधे पैसा भेजना होता है। इस से व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। वेबसाइट पर अपने सहयोग को चौक किया जा सकता है। आने वाले समय में शिक्षकों की गंभीर बीमारी में मदद और शिक्षक की कन्या के विवाह में मदद की योजना भी संस्था के द्वारा शुरू की जा रही है।





आज उत्तर प्रदेश का कोई भी विद्यालय ऐसा नहीं बचा है जहां का कोई शिक्षक और कर्मचारी टीचर्स सेल्फ केयर टीम के साथ ना जुड़ा हो। प्रदेश के हर ब्लॉक में इस संस्था की टीम अपने कार्य को निस्वार्थ सेवा के भाव से अंजाम दे रही है। संस्था का सूत्र वाक्य आज का सहयोग, कल का सहारा, है। संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद का उद्देश्य है कि भविष्य में सिर्फ रु. 10 की मदद से एक शिक्षक के परिवार की एक करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद की जाए। जिसे पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा शिक्षक और कर्मचारी इस संस्था के से जुड़कर अपना योगदान दे रहे हैं। कहा जाता है कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है। यदि इस वाक्य को हकीकत में जानना है तो टीचर्स सेल्फ केयर टीम के कार्य को देखकर इसे बखूबी समझा जा सकता है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने शिक्षकों के बीच बिना भेदभाव के वर्ग, जाति ,धर्म, भाषा, क्षेत्र की भावना से ऊपर उठकर एक ऐसे दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण किया है जो अपने किसी साथी के इस दुनिया से जाने के बाद, उसके परिवार के साथ मजबूती से खड़ा होकर उसे आर्थिक और मानसिक बल प्रदान करता है। यह अपने आप में एक मिसाल है जिसका कहीं कोई और उदाहरण नहीं है। शिक्षकों का यह व्यवस्थित और अनोखा कार्य देश और समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


माँ नन्दा देवी महोत्सव की सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुतिः-
आकाक्षी मेवाड़ी
दिग्विजय सिंह बिष्ट
(अफजल हुसैन फौजी)
SANWAL SENIOR SECONDARY SCHOOL
MALLITAL, NAINITAL - 263001
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
Co- Educational
School Code : 81375 Affiliation No. 3530136
Ph. 05942-235747, Fax : 233228
E-mail : sanwal_school@rediffmail.com
उत्तराखण्ड की अधिष्ठात्री
माँ नन्दा देवी आराधना के पावन पर्व
माँ नन्दा सुनन्दा महोत्सव
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत
मोहित आर्या
Vikram
Vintage Inn
Nainital
Mallital, Nainital- 263001(U.K.) Mobile-9719193107
Web: www.vikramvintageinn.com


LAKESIDE INN
THE MALL, NAINITAL
Tel.: (05942) 235777
E-mail:
lakesideinnnainital@rediffmail.com
Finest Location:
19 Luxuriously Furnished Rooms facing the Lake.
Cable T.V., Parking Facility, Restaurant, Doctor on call.



LEISURE HOTELS
THE NAINI RETREAT
Ayarpatta Slopes, Hari Bhawan, Mallital, Nainital-263001
Tel.: 235105, 235108, 9568466130
E-mail: nainital@leisurehotels.in


माँ नंदादेवी
महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
लोक निर्माण विभाग
प्रांतीय खंड, नैनीताल


BISHOP SHAW
INTER COLLEGE
EST.1971 ENGLISH MEDIUM,
CO-EDUCATION RECOGNIZED U.A. BOARD FOLLOWING
REG. OPEN 2025-26
Class Nursery to 12
Veena Massey
PRINCIPAL
Neelam Dani
MANAGER
TALLITAL, NAINITAL, PH. 05942-235371


Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Reg. Open
2026-27
Affiliated to CISCE,
New Delhi &
IGCSE, AS &
A Level
Cambridge
London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in


HOTEL CHANNI RAJA
The Mall, NAINITAL 263001, Uttarakhand
Contact:
(05942) 235643,
232859



होटल हैप्पी होम एवं
चाँदनी चौक रेस्टोरेंट
की ओर से आप सभी को
माँ नन्दा देवी महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ
एवं बधाईयां


ADMISSIONS
OPEN FOR
11TH GRADE
Limited seats for Grade 11th in
Science, Commerce and Humanities.
REGISTER NOW


माँ नन्दा सुनन्दा महोत्सव के अवसर पर
समस्त देशवासियों को नैनीताल प्राणी उद्यान
परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणी आपके स्नेह के पात्र हैं, इनकी रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। इन वन्य प्राणियों को अंगीकृत कर इनके संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।
वन प्रभागीय अधिकारी
नैनीताल


SHERVANI HILLTOP, NAINITAL
समस्त क्षेत्रवासियों को
माँ नंदा देवी महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
Celebrate your social functions, enjoy a lavish dining
experience with live singing at an affordable price
Tel: +91 9411197601, 05942-233800
Email: nainital@shervanihotels.com
Website: www.shervanihotels.com


Prim Rose
The Mall Nainital
Just Above The Mall
● Spacious Parking Facility
● Amidst Beautiful Green Environment
● Spacious Rooms with All Modern Amenities
A HOME AWAY FROM HOME
Tel-91-05942-237524,232230 fax-232231
Email-hotel_primrose@yahoo.co.in


Gracious Hospitality
awaits you at
Alka
THE LAKE SIDE
HOTEL
The Mall, Nainital, Uttarakhand 263 002 India
Ph.: (05942) 235220, 236626-8, 239058-9
E-mail: Info@alka.in reservations@alka.in | Website: www.alka.in